डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com
website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार



PG-8

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

सिनेमा:- 'तमन्ना भाटिया ने रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड विजय वर्मा पर तोड़ी चुप्पी, कही ये बात

वर्ष -09 अंक -13 | प्रयागराज ,मंगलवार, 14, मार्च, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### अगले मार्च तक सभी पंचायतों में बन जाएंगे पंचायत भवन

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**पटना।** पंचायती राज मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 तक राज्य के सभी पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण पूरा करने का लक्ष्य है। इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 2300 पंचायतों में पंचायत भवन तैयार हो जाएंगे। वह सोमवार को विधान परिषद में डा समीर कुमार सिंह के अल्पसूचित प्रश्न का जवाब दे रहे थे। मंत्री ने कहा कि यह भवन पंचायत मुख्यालय में बनाए जाएंगे। अगर मुख्यालय में किसी कारण जमीन नहीं मिलती है, तो ही अगल-बगल के पंचायतों में इसका निर्माण किया जाएगा। वहीं, दिलीप जायसवाल के



ध्यानाकर्षण के जवाब में मंत्री ने कहा कि 2016-21 अवधि वाले पंचायती राज प्रतिनिधियों को मानदेय व भत्ता भुगतान के लिए जिलों को राशि दी जा चुकी है। इस पर महेश्वर सिंह, अजय सिंह, रीना यादव, सौरभ कुमार ने पूरक प्रश्न में कहा कि जिलों को भले ही राशि चली गई हो, लेकिन प्रतिनिधियों को वह भत्ता नहीं मिल सका है। अब तक सभी वार्ड क्रियान्वयन प्रबंधन समिति का खाता भी नहीं खुला है। ऐसे में सरकार पैसा किस खाते में भेजेगी और योजनाओं का क्रियान्वयन कैसे होगा। सरकार को चाहिए कि स्थानीय निकाय कोटे से चुने हुए विधान परिषद के 24 सदस्यों के साथ बैठक कर सभी मसलों पर चर्चा करे।

## केरल के कन्नूर जिले में बम ब्लास्ट 2 लोग हुए गंभीर रूप से घायल



**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** केरल के कन्नूर जिले में बम फटने की घटना सामने आई है। हादसे में 2 लोग घायल हुए है। अधिकारियों के मुताबिक, घटना 12 मार्च की शाम कन्नूर जिले के कक्कयांगड स्थित मुजाकुन्न पुलिस थाना क्षेत्र में हुई है। एक पुलिस अधिकारी ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि घटनास्थल के निरीक्षण के बाद ही आधिकारिक पुष्टि की जा सकती है। पुलिस के मुताबिक, विस्फोट में संतोष और उनकी पत्नी लसिता घायल हो गए है।

## कोरोना मामलों ने फिर पकड़ी रफ्तार 11 दिनों में दोगुना हुए मामले

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत में क्या एक बार फिर कोरोना की लहर आने वाली है। क्या वायरस के साथ



कोरोना भी सबको सताएगा। ये सवाल फिर से उठने लगे हैं, ऐसा इसलिए क्योंकि देश में कोरोना के मामलों में तेजी देखने को मिली है। ताजा जानकारी के अनुसार, एक दिन में कोरोना के मामले 500 के आंकड़े को पार कर गए है, जो कि 114 दिनों में पहली बार हुआ है। दरअसल, चिंता की बात यह है कि कोरोना के मामले केवल 11 दिनों में ही डबल हो गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, कोरोना से पीड़ितों की संख्या में भी इजाफा देखने को मिला है, जो अब 3,809 पर पहुंच गई है। वहीं, पिछले सात दिनों में 2671 नए मामले सामने आए हैं। हालांकि, मामलों की संख्या कम है और इससे मौत के आंकड़ों में इजाफा भी नहीं हुआ, लेकिन अब फिर से सचेत होने की जरूरत है।देश में आज 444 नए कोरोनोवायरस मामले दर्ज किए, जबकि सक्रिय मामले बढ़कर 3,809 हो गए। तमिलनाडु में आज कोरोना के चलते एक मौत भी हुई है। वहीं, देश में शनिवार को 524 नए कोरोना मामले सामने आए, जो 18 नवंबर के बाद पहली बार आए हैं।

## दिल्ली से दोहा जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट में यात्री की मौत, कराची में इमरजेंसी लैंडिंग



**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** नई दिल्ली से दोहा जाने वाली इंडिगो की एक फ्लाइट को मेडिकल इमरजेंसी के कारण पाकिस्तान के कराची डायवर्ट किया गया है। एयरलाइन के एक अधिकारी ने समाचार एजेंसी एएनआइ को इस बात की जानकारी दी है। पता चला हैं कि विमान में सवार एक यात्री की मौत हो गई है। एजेंसी एएनआइ के अनुसार, दिल्ली से दोहा जाने वाली इंडिगो फ्लाइट 6-1736 को मेडिकल इमरजेंसी की वजह से कराची डायवर्ट कर दिया गया। एयरलाइन का कहना है कि दुर्भाग्य से एयरपोर्ट पहुंचने पर यात्री को एयरपोर्ट मेडिकल टीम ने मृत घोषित कर दिया है।एक बयान के अनुसार, मेडिकल इमरजेंसी के कारण फ्लाइट 6-1736 को डायवर्ट किया गया था, लेकिन विमान में सवार एक यात्री की मौत हो गई। बता दें कि विमान दिल्ली से कतर के दोहा जा रहा था और उसे पाकिस्तान के कराची डायवर्ट किया गया था। एयरलाइन ने कहा कि वह संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर विमान के अन्य यात्रियों को स्थानांतरित करने की व्यवस्था कर रही है।वहीं, इंडिगो ने बयान में कहा हम यात्री की मौत की खबर से बहुत दुखी हैं और हमारी प्रार्थनाएं और शुभकामनाएं उनके परिवार और प्रियजनों के साथ हैं।

## मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा- एससीओ के सदस्य देश आपस में करें न्यायिक सहयोग

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों से आग्रह किया है कि न्यायिक प्रणाली को आम



आदमी तक पहुंच वाला बनाने के लिए आपस में न्यायिक सहयोग करें। समापन सत्र में सदस्य देशों ने संयुक्त बयान में बताया कि अगले साल 2024 में उज्बेकिस्तान में अगला सम्मेलन होगा। एससीओ सदस्य देशों के सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों के 18वें सम्मेलन की मेजबानी के समापन अवसर पर मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि अदालती प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाने के लिए सदस्य देशों को मिलजुलकर नई प्रणालियों को अपनाना होगा। उन्होंने एससीओ सदस्य देशों में न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली कई चुनौतियों पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे सम्मेलन ने सभी सदस्य और पर्यवेक्षक देशों को उन चुनौतियों पर विचार करने की अनुमति दी जो उनके अधिकार क्षेत्र के लिए आम हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन मुद्दों का हल आपसी सहयोग से निकालना चाहिए। आपके न्यायिक क्षेत्रों में जो समान चुनौतियां हैं, उन्हें आपसी सहयोग और अनुभव साझा करके सुलझाना चाहिए। समापन कार्यक्रम के बाद जारी हुआ संयुक्त वक्तव्य नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय समापन कार्यक्रम में एक संयुक्त वक्तव्य में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायपालिका के भविष्य के लिए संबंधित देश विभिन्न लक्ष्यों को हासिल करने पर सहमत हो गए है। सदस्य देशों ने अपनी न्यायिक प्रणाली और चुनौतियों को साझा किया। एससीओ सदस्य देशों में चीन, भारत, कजाखस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं।मालूम हो कि एससीओ सदस्य देशों के बीच प्रभावी न्यायिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 10-11 मार्च को प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में नई दिल्ली में दो दिवसीय बैठक आयोजित की गई थी।

## बजट सत्र का दूसरा चरण आज से, राहुल के बयान और छापों पर गर्म रहेगी संसद

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से शुरू हो रहा है और इसके फिर से कुछ दिन हंगामेदार रहने की उम्मीद है।



बजट सत्र का यह चरण छह अप्रैल तक चलेगा और कुल 17 बैठकें होंगी। सरकार की वित्त विधेयक सहित लंबित विधेयकों को पारित कराने की तैयारी है। वर्तमान में राज्यसभा में 26 और लोकसभा में नौ विधेयक पारित होने के लिए लंबित हैं। कामकाज के लिहाज से वैसे तो बजट सत्र के इस चरण को काफी अहम माना जा रहा है लेकिन कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के लंदन में दिए बयानों सहित विपक्षी दलों के नेताओं के कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ जिस तरह सीबीआइ और ईडी सक्रिय रही है, उससे सियासी पारा चढ़ा हुआ है। सभापति जगदीप धनखड़ ने बुलाई सभी दलों के नेताओं की बैठक इस बीच राज्यसभा के शांतिपूर्ण संचालन को लेकर सभापति जगदीप धनखड़ ने रविवार को सभी दलों के नेताओं के साथ एक बैठक की। इसमें सभी से तय नियम और प्रक्रियाओं का पालन करने को कहा गया। साथ ही सभी से सदन के शांतिपूर्ण संचालन में सहयोग की अपील भी की गई। बैठक में सदन में व्यवधान को रोकने के तरीकों पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के विचार मांगे। विपक्षी सदस्यों ने गैर-भाजपा सरकारों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग और धनखड़ के निजी कर्मचारियों को संसदीय समितियों में नियुक्त करने का मुद्दा उठाया।सूत्रों के अनुसार धनखड़ ने सदन के नेताओं से कहा कि सदस्यों को अनुच्छेद 105 के तहत अभिव्यक्ति के नाम पर सदन में किसी को कुछ भी बोलने की अनुमति नहीं दी जा सकती। राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जोर देकर कहा कि वे सरकार को जवाबदेह बनाने में एक रचनात्मक भूमिका निभाना चाहते हैं और राष्ट्र के सामने हर ज्वलंत मुद्दे पर सदन में चर्चा चाहते हैं। गौरतलब है कि विपक्षी दलों की ओर से धनखड़ की कुछ टिप्पणियों को लेकर भी आपत्ति जताई जा रही है। आसार है कि सदन में इसका भी असर दिखेगा। सभापति और उपसभापति की ओर से राहुल गांधी के लंदन में दिए गए बयानों पर जताए गए कड़े एतराज से भी कांग्रेस की भौहें तनी हुई हैं। इसके साथ ही विपक्ष सत्र के पहले चरण में अदाणी, महंगाई, चीन जैसे मुद्दों पर अपने रुख को इस सत्र में भी बरकरार रखेगा।कांग्रेस नेता के सुरेश ने कहा कि उनकी पार्टी अदाणी-हिंडनबर्ग मुद्दे पर सरकार से जवाब मांगती रहेगी, क्योंकि वह सोच-समझकर चुप्पी साधे हुए है। प्रमुख विपक्षी दल संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की जांच के लिए दबाव बना रहा है। सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वित्त विधेयक पारित कराना संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने रविवार को कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वित्त विधेयक को पारित कराना है। उन्होंने कहा कि रेलवे, पंचायती राज, पर्यटन, संस्कृति और स्वास्थ्य समेत मंत्रालयों की अनुदान मांगों पर चर्चा होगी। मतदान कराया जाएगा और उन्हें पारित किया जाएगा। फिर हम वित्त विधेयक को पारित करवाएंगे। उसके बाद हम विपक्ष की मांगों पर गौर करेंगे।सोमवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2022-23 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांग का दूसरा बैच पेश करेंगी। वह लोकसभा में वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर का बजट भी पेश करेंगी। कांग्रेस ने विपक्षी दलों की बैठक बुलाई, आप और बीआरएस के रुख पर नजर इस बीच कांग्रेस पार्टी ने भी सभी विपक्षी दलों की सोमवार सुबह राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के संसद भवन स्थित कार्यालय में बैठक बुलाई है। इसमें सरकार को घेरने की सामूहिक रणनीति तैयार होगी। यह देखना रोचक होगा कि कांग्रेस की इस बैठक के प्रति आम आदमी पार्टी और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) का क्या रुख होता है।दरअसल हाल में कांग्रेस इन दोनों दलों से दूरी बनाकर चल रही है। वह भी तब जबकि दूसरी क्षेत्रीय पार्टियां कांग्रेस पर दबाव बना रही हैं। कांग्रेस ने विपक्षी दलों के उस पत्र पर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया था, जिसमें दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को दिल्ली शराब नीति घोटाले में निर्दोष बताते हुए सीबीआइ कार्रवाई का विरोध किया गया था।

## अरुणाचल में 15 उग्रवादियों ने किया आत्मसमर्पण हथियारों के साथ गोला-बारूद भी सौंपा

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**ईटानगर।** इस्टर्न नगा नेशनल गवर्नमेंट (ईएनएनजी) के 15 उग्रवादियों ने संगठन प्रमुख तोशाम मोसांग के साथ रविवार को अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि यहां पुलिस मुख्यालय में आयोजित घर वापसी समारोह के दौरान उग्रवादियों ने हथियारों और गोला-बारूद के साथ आत्मसमर्पण कर दिया। समारोह में उप मुख्यमंत्री चोना मीन, राज्य के गृह मंत्री बामांग फेलिक्स के साथ असम राइफल्स के अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक रोहित राजबीर सिंह के अनुसार, चीन निर्मित नौ एमक्यू श्रृंखला के हथियार, दो एके-47 राइफल, चीन निर्मित एक पिस्तौल, 19 मैगजीन, गोला बारूद, चार चीनी हथगोले और कई अन्य हथियार उग्रवादियों ने इस दौरान पुलिस को सौंपे। आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों को उनके पुनर्वास के लिए सरकारी समर्थन का आश्वासन देते हुए खांडू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य पूर्वोत्तर में शांति बहाल करना है। परिणामस्वरूप कई उग्रवादी समूहों ने पहले ही संबंधित राज्य सरकारों के साथ शांति वार्ता शुरू कर दी है और कई पहले ही मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं।



## साल 2024-25 तक 1.75 लाख करोड़ के रक्षा निर्माण का लक्ष्य

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** उन्होंने बताया कि रक्षा निर्यात का मूल्य वर्ष 2021-22 में 12,815 करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष में इस माह की छह तारीख तक यह आंकड़ा 13,398 करोड़ पर पहुंच चुका है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण दीर्घकालिक



एकीकृत योजना पर आधारित एक सतत प्रक्रिया है। भट्ट ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में पूंजीगत अधिग्रहण के लिए 1,24,408.66 करोड़ की राशि निर्धारित की गई है, जिसे बढ़ाकर वर्ष 2023-24 के लिए 1,32,727 करोड़ रुपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा डीआरडीओ ने स्वदेशी हथियारों और प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए पिछले तीन वर्षों में 23,722 करोड़ रुपये की लागत से 50 मिशन मोड और प्रौद्योगिकी विकास परियोजनाएं शुरू की हैं। एक अन्य सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि भारतीय नौसेना ने महिलाओं के लिए सभी शाखाएं खोल दी हैं। ये शाखाएं कार्यकारी, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल और शिक्षा आदि हैं।

## राहुल से माफी की मांग को लेकर भाजपा-कांग्रेस आमने सामने

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण का बीते दिन



हंगामेदार आगाज हुआ। भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी से लंदन में भारत की छवि खराब करने को लेकर माफी की मांग की तो कांग्रेस ने अदाणी मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश की। लोकसभा और राज्यसभा, दोनों में राहुल से माफी की मांग की गई। इस बीच दूसरे दिन भी सदन के हंगामेदार होने की संभावना है, सत्ता पक्ष जहां राहुल की माफी पर अड़ा है तो कांग्रेस इसे बेतुका बता रही है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने आज सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार खुद सदन नहीं चलाना चाहती। ऐसा नजारा कभी नहीं देखा कि सरकार के मंत्रियों ने सदन को ठप करने के लिए हंगामा किया हो। अधीर ने कहा कि राहुल गांधी आखिर माफी क्यों मांगेंगे उन्होंने कोई गुनाह किया है? माफी तो सरकार के लोगों को मांगनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सदन में हंगामे को लेकर कांग्रेस पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को रोना-धोना बंद कर देश से मांफी मांगनी चाहिए। ठाकुर ने कहा कि आज भारत एक ओर वैश्विक स्तर पर महाशक्ति के रूप में उभर रहा है।

## मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में पांच जगहों पर एनआईए की छापेमारी, आईएस खुरासान से जुड़ा है मामला

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एनआईए की टीमों ने शनिवार को मध्य प्रदेश के सिवनी में चार स्थानों और महाराष्ट्र के पुणे में एक स्थान पर तलाशी ली। एनआईए के दिल्ली मुख्यालय में दर्ज मामले के संबंध में छानबीन के दौरान सिवनी जिले में संदिग्ध और अवैध गतिविधियों की सूचना मिलने पर एनआईए की टीम जांच करने सिवनी पहुंची थी। एनआईए ने इस्लामिक स्टेट-खुरासान प्रांत मामले में संदिग्ध पुणे में तल्हा खान और सिवनी में अकरम खान के घरों की तलाशी ली। दिल्ली में ओखला से एक कश्मीरी दंपती जहां जैब सामी वानी और उसकी पत्नी हिना बशीर बेग की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने ये मामला दर्ज किया था।दंपती को आईएसकेपी से संबद्ध पाया गया। जांच के दौरान, एक अन्य आरोपित अब्दुल्ला बसिथ की भूमिका सामने आई, जो पहले से ही एनआईए की ओर से जांच किए जा रहे एक अन्य मामले में तिहाड़ जेल में बंद था।इसके अलावा एनआईए ने शिमोगा आईएस साजिश मामले में सिवनी में तीन अन्य स्थानों पर तलाशी ली। जिन स्थानों की तलाशी ली गई उनमें संदिग्ध अब्दुल अजीज सल्फी और शोएब खान के आवासीय और व्यावसायिक परिसर शामिल थे।अब्दुल और शोएब से पूछताछ के बाद र्ह्रें ने छोड़ दिया था मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि एनआईए अब्दुल अजीज सल्फी और शोएब खान को जबलपुर ले गई थी और उसने दोनों को पूछताछ के बाद नोटिस देकर छोड़ दिया है। इन्हें नोटिस देकर बेंगलुरू में बुलाया गया है।एजेंसी ने कहा कि शिमोगा मामले में विदेश से रची साजिश के तहत आरोपित मोहम्मद शरीक, माज मुनीर खान, यासीन और अन्य ने विदेशों में स्थित अपने आकाओं के



निर्देश पर गोदामों, शराब की दुकानों जैसी सार्वजनिक और निजी संपत्तियों को निशाना बनाया और आगजनी व तोड़फोड़ की 25 से अधिक घटनाओं को अंजाम दिया।एजेंसी ने कहा कि शिमोगा मामले में विदेश से रची साजिश के तहत आरोपित मोहम्मद शरीक, माज मुनीर खान, यासीन और अन्य ने विदेशों में स्थित अपने आकाओं के निर्देश पर गोदामों, शराब की दुकानों जैसी सार्वजनिक और निजी संपत्तियों को निशाना बनाया और आगजनी व तोड़फोड़ की 25 से अधिक घटनाओं को अंजाम दिया।एजेंसी ने कहा कि शिमोगा मामले में विदेश से रची साजिश के तहत आरोपित मोहम्मद शरीक, माज मुनीर खान, यासीन और अन्य ने विदेशों में स्थित अपने आकाओं के निर्देश पर गोदामों, शराब की दुकानों जैसी सार्वजनिक और निजी संपत्तियों को निशाना बनाया और आगजनी व तोड़फोड़ की 25 से अधिक घटनाओं को अंजाम दिया।एजेंसी ने कहा कि शिमोगा मामले में विदेश से रची साजिश के तहत आरोपित मोहम्मद शरीक, माज मुनीर खान, यासीन और अन्य ने विदेशों में स्थित अपने आकाओं के निर्देश पर गोदामों, शराब की दुकानों जैसी सार्वजनिक और निजी संपत्तियों को निशाना बनाया और आगजनी व तोड़फोड़ की 25 से अधिक घटनाओं को अंजाम दिया।

# उमेश पाल की हत्या के बाद से अतीक अहमद का नाम एक बार फिर चर्चा में है

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**लखनऊ।** परिवार दर बदर है, तो अतीक अहमदाबाद की जेल में बेचैन है, क्योंकि यूपी पुलिस उससे पूछताछ करने की तैयारी कर रही है। अतीक के जुर्म की एक लंबी दास्तान है, जो शुरू तो होती है प्रयागराज से, लेकिन मशहूर पूरे देश में है।अतीक पर 1979 में हत्या का पहला मुकदमा दर्ज हुआ। इसके बाद उसने अपनी गैंग बनाई, जिसे घ्- 227 नाम दिया। आज इस गैंग के 34 शूटर नामजद हैं।1979 में पहली बार अतीक का नाम हत्या के केस में सामने आया। तब उसकी उम्र करीब 17 साल थी। अतीक का नाम सबसे पहले 1979 में मो. गुलाम हत्याकांड में पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज हुआ। इसका केस धारा 302 के तहत खुल्दाबाद थाने में दर्ज हुआ। मुकदमा संख्या थी- 431 /79 ।इस के बाद एक तांगा चलाने वाले फिरोज अहमद का बेटा अतीक गुनाहों का बेताज बादशाह बन गया। धीरे-धीरे उसका नाम प्रयागराज के माफिया चांद बाबा और कपिल मुनि करवरिया से ऊपर गिना जाने लगा। वह पूरे प्रदेश में जमीन कब्जा करना, हत्या, लूट, डकैती और फिरौती की घटनाओं को अंजाम देने लगा।अतीक की आपराधिक गतिविधि पर लगाम लगाने के लिए यूपी सरकार ने 1985 में गुंडा और 1986 में गैंगस्टर की कार्रवाई की। साथ ही और कड़ी निगरानी के लिए 17 फरवरी 1992 को इसकी हिस्ट्रीशीट खोली गई, जिसका हिस्ट्रीशीट नंबर 39 ए है। उसके गैंग का नंबर आईएस -227 है।अब बारी थी राजनीति की। अतीक ने माफिया का रसूख हासिल करने के बाद राजनीति के लिए जमीन तैयार करनी शुरू की। 1989 में प्रयागराज पश्चिमी सीट से अपने चिर प्रतिद्वंद्वी चांद बाबा के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरा। और पहली बार में ही चांद बाबा को हराकर विधायक बन गया।इसके बाद उसने पीछे मुड़कर नहीं देखा और राजनीति के दम पर अपराध की दुनिया में एक अलग मुकाम बना लिया। वह पांच बार विधायक और एक बार सांसद चुना गया। उसके खिलाफ दर्ज मामलों की सुनवाई से वकील से लेकर जज तक दूरी बनाने लगे।अतीक अहमद का जन्म 1960 में प्रयागराज के धूमनगंज कसारी नसारी में हुआ था। पिता तांगा चालक थे। उनका नाम हाजी फिरोज अहमद था। वह कुश्ती के शौकीन थे। जिसके चलते अतीक भी कुश्ती लड़ता था। इसी वजह से इलाके में लोग उसे पहलवान नाम से भी बुलाते थे। पढ़ाई में मन नहीं लगने के चलते अतीक ने इंटर तक ही पढ़ाई की। इसके बाद 17 साल की उम्र में इलाके में ही रंगदारी वसूलने लगा। पहली रंगदारी अपने मोहल्ले में ही वसूली।अब अतीक अहमद राजनीतिक गलियारे में रसूख बनाने के लिए हर हथकंडा अपना रहा था। इसी कड़ी में 1995 में उसे पहचान मिली। उसका नाम लखनऊ में हुए गेस्ट हाउस कांड में आया। सपा सरकार को बचाने के लिए उसने तत्कालीन बसपा प्रमुख मायावती और उनके दल के तमाम लोगों को बंधक बना लिया।लखनऊ के थाना हजरतगंज में अतीक पर मुकदमा दर्ज हुआ। जिसकी विवेचना क्राइम ब्रांच, अपराध अनुसंधान विभाग लखनऊ (एच्) ने की थी। इसमें उसका नाम प्रमुख अभियुक्त के रूप में नाम दर्ज किया गया। इसके साथ ही प्रयागराज के धूमनगंज थाने में एक ही दिन में 114 केस अतीक के खिलाफ दर्ज किए गए।अब बारी अतीक के आतंक और जुर्म के दमन की थी। 2017 में भाजपा की सरकार आई। पुलिस ने अतीक और उसके गुर्गों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया। इसी का नतीजा है कि आज अतीक गुजरात की साबरमती जेल में बंद है। अतीक का भाई अशरफ बरेली जेल में बंद है। उसका एक बेटा उमर लखनऊ और दूसरा बेटा प्रयागराज नैनी जेल में बंद है।अतीक की पत्नी के खिलाफ भी 25 हजार का इनाम घोषित हो चुका है। वहीं, उसके दो नाबालिग बेटे भी उमेश पाल हत्या कांड के बाद पुलिस की रडार पर हैं।अतीक गैंग पर पिछले दिनों योगी सरकार का बुलडोजर भी जमकर चला है। पुलिस ने गैंग के 14 सदस्यों को गिरफ्तार करते हुए गुंडा एक्ट में कार्रवाई की। वहीं 22 की हिस्ट्रीशीट खुली और दो गुर्गों को जिला बदर किया गया।पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत अब तक 415 करोड़ की संपत्ति जब्त की है। 68 शस्त्र लाइसेंस भी रद्द कर दिए। यही नहीं, 751 करोड़ रुपए की अवैध संपत्तियों को भी जमींदोज किया गया है।

## शाइस्ता पर इनाम बढ़ाने की तैयारी बसपा से निष्कासन का खतरा

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड में माफिया अतीक अहमद के पूरे परिवार पर कार्रवाई जारी है। अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित होने के बाद अब इनाम की राशि बढ़ाने की तैयारी है। वहीं अतीक के बेटे असद पर पहले से ढाई लाख रुपये का इनाम है। फरार मां-बेटे की तलाश में कई टीमें लगी हैं। शाइस्ता की दिल्ली में लोकेशन मिलने के बाद वहां पर छापामारी की जा रही है। उमेश पाल की हत्या के एक पखवाड़े बाद पुलिस ने अतीक की बेगम शाइस्ता को वांछित किया। अतीक अहमद के साथ किसी सनसनीखेज वारदात में पहली बार शाइस्ता परवीन को नामजद किया गया है। पुलिस ने उस पर पहली बार इनाम घोषित किया है। शाइस्ता पर उमेश पाल की हत्या की साजिश में शामिल होने का आरोप है। पुलिस रिकॉर्ड में शाइस्ता के खिलाफ चार केस दर्ज हैं। इनमें तीन केस कर्नलगंज थाने में दर्ज हुआ था। अभी तक पुलिस ने किसी मामले में शाइस्ता को गिरफ्तार नहीं किया है। अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता को बहुजन समाज पार्टी बाहर का रास्ता दिखाने की तैयारी में है। इसको लेकर हलचलें तेज हैं। शाइस्ता को पार्टी प्रमुख मायावती से मिलाने और सदस्यता दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले एक बड़े नेता इस कोशिश में हैं कि यथास्थिति रहे लेकिन पार्टी इसमें नफा-नुकसान देख रही है। संभावना जताई जा रही है कि अगले एक-दो दिनों में शाइस्ता परवीन पर कोई बड़ा निर्णय ले लिया जाएगा।

## ओवरलोड बालू लेकर जा रही ट्रक पलटी,अवैध खनन जारी

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** थाना क्षेत्र के नगरवार घाट पर अवैध रूप से बालू की निकासी की जाती है।पट्टेधारकों का पट्टा सूखी रेत निकालने के लिए मिलता है, नदी की गहराई से बालू निकालने की अनुमति नहीं

होती है, परन्तु यमुना नदी के बीचोबीच पानी में नाव लगाकर अवैध तरीके से बालू खनन कराया जाता है और ओवरलोड गाड़ियों का परिवहन भी किया जाता है, जिससे राजस्व विभाग को लाखों रुपये का चूना रोजाना लगाया जा रहा है।इतना ही नहीं, बीच धारा में बालू निकासी करने से जलीय-जीवों को भी खतरा बना हुआ है।अवैध बालू खनन की सूचना प्रकाशित करने के बावजूद खनन विभाग, एनजीटी,एसडीएम एवं स्थानीय पुलिस विभाग मौन धारण किये हैं।शासन-प्रशासन की चुप्पी देखकर स्थानीय लोगों ने किये जा रहे अवैध बालू खनन एवं ओवरलोड बालू लादकर परिवहन करने को अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिलीभगत बताया है।रविवार को नगरवार घाट पर एक ओवरलोड ट्रक अवैध परिवहन करते हुए पलट गई, जिससे हड़कंप मच गया।गनीमत रही कि,चालक व परिचालक बाल-बाल बच गए।इस तरह से किये जा रहे अवैध एवं ओवरलोडिंग बालू परिवहन किये जाने से जनजीवन के लिए खतरे की घंटी बना हुआ है।क्षेत्रवासियों ने इसे तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की माँग की है।

## भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष का जन्मदिन हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** विकासखंड जसरा के मेजा श्रीमती नीलम उदयभान करवरिया,ब्लाक प्रमुख करछना

पांडर गाँव निवासी व भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष रामजी त्रिपाठी का अवतरण दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। श्री चंद्रप्रकाश त्रिपाठी (श्रीगंगाधाम,53 टैगोर टाउन परिसर)के सान्निध्य में बड़े भाई रामबाबू त्रिपाठी, भाई अजीत त्रिपाठी द्वारा जन्मदिन का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वी के सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारतीय,बारा विधायक डॉ वाचस्पति, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुधाकर पाण्डेय, पूर्व विधायिका कमलेश द्विव,समीर मिश्रा, उमेश शुक्ला(विधायक प्रतिनिधि),अविरल त्रिपाठी, गोरक्षा संगठन मंत्री पीयूष शुक्ला, जिलामंत्री पटेल जी,शशिभूषण त्रिपाठी, अरविंद द्विवेदी एवं मित्र मण्डली के बहुत से गणमान्य लोग मौजूद रहे। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रामजी त्रिपाठी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से दी गई शुभकामनाओं का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी के आशीर्वाद की बदौलत हम नित्य नई उपलब्धि हासिल करने में सदैव तत्पर रहेंगे।

## जसरा ब्लॉक में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का आयोजन

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** विकासखंड जसरा में आयोजित किए गए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बैंड-बाजे के साथ दूल्हों की बारात निकाली गई।गाजे बाजे की धुन पर थिरकते बारातियों का जोरदार स्वागत किया गया।सभी बारातियों

एवं उपस्थित लोगों ने भोजन का भी लुत्फ उठाया। द्वारचार आदि के बाद वैदिक विधि विधान से विवाह की सारी रस्में पूरी की गई।सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रदाय गृहस्थी की सामग्रियों में एक कढ़ाई साड़ी,ब्लाउज,पेटिकोट के साथ,एक चुनरी,दूल्हे के लिए एक शर्ट और पैंट,भाँवरें फिरने के लिए एक 2.5मीटर का फेंटा,डिनर सेट स्टील के 31 नग,ब्रांडेड प्रेसर कुकर 3 लीटर,एक जोड़ी चाँदी की पायल,छह बिछिया,वर की पगड़ी,एक एयर बैग आदि वस्तुएं दी गई।इसके अलावा 35 हजार रुपये लड़की के खाते में ट्रांसफर किये गए। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक खंडविकास अधिकारी जसरा डॉ सपना अवस्थी एवं अध्यक्षता बारा विधायक डॉ वाचस्पति ने की।इस अवसर पर ब्लाक के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्राम प्रधान सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## 50 हजार के इनामी शूटर अब्दुल कवि के चस्पा किए गए पोस्टर, 18 साल से है वांटेड

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** विधायक राजू पाल की 25 जनवरी 2005 को हुई हत्या के शूटर अब्दुल कवि पर 50 हजार का इनाम रखा गया है। पुलिस और एसटीएफ उसकी सरगर्मी से खोजबीन कर रही है। कौशांबी थाना क्षेत्र के भखंदा गांव में स्थित अब्दुल कवि के मकान को ध्वस्त कर दिया था। उसके मकान की दीवारों से भारी मात्रा में असलहे और धारदार हथियार बरामद किए गए थे। इस मामले में उसके परिवार के सभी सदस्यों के खिलाफ मुकदमा

जिले में पुलिस ने जगह-जगह पोस्टर लगाए हैं। इतने सालों की चुप्पी के बाद जांच एजेंसी को 24 फरवरी को उमेश पाल की हत्या के बाद पुलिस को कवि की याद आई। अब उसकी तलाश में पुलिस, एसटीएफ समेत अन्य एजेंसी जुटी हैं। कुछ दिन पहले ही पीडीए और पुलिस ने कौशांबी के सरायअकिल दर्ज किया गया था। उसके भाई कादिर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गत दिनों पुलिस ने अब्दुल कवि पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया था। इसके बाद उसकी खोजबीन शुरू कर दी गई है। जिले के सभी सार्वजनिक स्थानों बाजारों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशनों पर कवि के पोस्टर लगाए गए हैं।

## सीजेएम डीके गौतम ने सदाकत की न्यायिक हिरासत 11 दिनों के लिए बढ़ाई

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सदाकत हुए थे पेश उमेश पाल हत्याकांड के एकमात्र गवाह है सदाकत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डीके गौतम ने 11 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा सुरक्षा कारणों से अभी न्यायिक हिरासत में रहेंगे सदाकत सदाकत के वकील ने पुलिस से जताई आशंका कहां पुलिस हिरासत में हो सकता है टॉर्चर मेडिकल के बेस पर मांगी थी न्यायिक हिरासत कोर्ट ने कहा पुलिस जल्द चार्जशीट फाइल करें ताकि हो सके सही ढंग से कार्रवाई 24 मार्च को होगा इस मामले में सुनवाई।

## उमेशपाल हत्याकांड की जांच कर रही टीम ने किया नया खुलासा, पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर 2 लाख में दी पति की हत्या की सुपारी

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** झूंसी के हवेलिया में किराए पर रहने वाली एक महिला ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रेमी संग मिलकर दो लाख रुपए में अपने ही पति की हत्या की सुपारी दे दी।

स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) लखनऊ की टीम को इस योजना का पता शूटरों के व्हाट्सएप चैट के सर्विलांस के जरिए मिली। जिसके बाद टीम ने हत्या की योजना का भंडाफोड़ करते हुए महिला और उसके प्रेमी को दबोच लिया। महिला के वाट्सएप चैट से पता चला है कि उसने सैदाबाद और सरायइनायत में रहने वाले तीन अपराधियों को कत्ल के लिए दो लाख रुपये एडवांस दिया था। उमेश पाल की हत्या करने वाले शूटरों की तलाश में जुटी एसटीएफ को पता चला कि एक महिला ने अपने पति की हत्या की योजना बनाई है। उसने भाड़े के शूटरों को पैसा दे रखा है और शूटर जल्द ही उसका कत्ल कर देंगे। इस पर एसटीएफ इंस्पेक्टर अंजनी कुमार ने इंस्पेक्टर झूंसी वैभव सिंह की टीम के साथ आवास विकास में छापेमारी करते हुए महिला को पकड़ लिया। इसके बाद उसके प्रेमी सॉफ्टवेयर इंजीनियर सुरेंद्र को भी पकड़ लिया गया। दोनों ने हत्या की सुपारी देने की बात कबूल की।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट के 10 अतिरिक्त न्यायाधीश, सोमवार 13 मार्च को स्थायी न्यायाधीश की शपथ लेंगे

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** शपथ कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर द्वारा दिलाई जाएगी। शपथ समारोह मुख्य न्यायाधीश के न्याय कक्ष में सुबह 10 बजे से होगी।शपथ समारोह के कारण अदालती कामकाज 11.30 बजे से शुरू होगा। शपथ समारोह में सभी न्यायमूर्तिगण, न्यायिक अधिकारीगण व बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल होंगे। सर्किट टीवी के जरिए शपथ समारोह के न्याय कक्ष के बाहर प्रसारण की व्यवस्था की गई है।शपथ लेने वाले न्यायमूर्तियों में न्यायमूर्ति चंद्र कुमार राय, न्यायमूर्ति कृष्ण पहल, न्यायमूर्ति समीर जैन, न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव, न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी, न्यायमूर्ति बृजराज सिंह, न्यायमूर्ति श्रीप्रकाश सिंह, न्यायमूर्ति विकास बुधवार, न्यायमूर्ति ओम प्रकाश त्रिपाठी, न्यायमूर्ति विक्रम डी चौहान शामिल हैं।

# भारत सरकार की योजना का किसानों को भण्डारण एवं विपणन पर लाभ दिलाना

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**लखनऊ ।**प्रदेश सरकार ने आलू के कृषकों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य मिल सके इस हेतु बाजार हस्तक्षेप योजना (ईंवू घ्हीनहूदह एम्पस) के तहत उचित औसत गुणवत्ता (ईं) का आलू रू0 650 प्रति कु0 की दर से क्रय किये जाने का निर्णय लिया है। उक्त जानकारी देते हुए उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रथम चरण में जनपद मैनपुरी, एटा, कासगंज, फर्रूखाबाद, कौशाम्बी, उन्नाव एवं बरेली में उ0प्र0 राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ (हॉफेड) के क्रय केन्द्र खोले जा रहे हैं। हॉफेड के स्तर से आलू निर्यात की ठोस कार्यवाही आरम्भ कर दी गयी है और निर्यातकों से मांग भी प्राप्त हो रही है। उ0प्र0 राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद द्वारा भी बाजार हस्तक्षेप योजना के अन्तर्गत सभी जनपदों में आलू उत्पादक क्रय केन्द्र खोले जायेंगे। उद्यान मंत्री श्री दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य दिलाने के लिए कटिबद्ध है और प्रत्येक आवश्यक संसाधनों का उपयोग कर यथोचित योजनायें लागू की गयी है। मार्च, 2023 के प्रथम सप्ताह में प्रदेश के विभिन्न मण्डियों में आलू के थोक बाजार भाव में कमी के दृष्टिगत प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में किसानों का आलू सुगमता से शीतगृह में भण्डारित कराना, प्रदेश से बाहर आलू का विपणन कराना, किसानों को लागत का मूल्य दिलाना, भारत सरकार की योजना का किसानों को भण्डारण एवं विपणन पर लाभ दिलाना, मण्डी में ई-नैम व्यवस्था आदि प्रभावी कार्यवाही की गयी।उद्यान मंत्री ने बताया कि शासन स्तर से प्रतिदिन उद्यान विभाग के अधिकारियों और कोल्ड स्टोरेज के मालिकों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कृषकों को आलू भण्डारण में किसी प्रकार की कोई समस्या न आये। इसके अतिरिक्त प्रत्येक कोल्ड स्टोरेज पर उद्यान विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी किसानों को कोल्ड स्टोरेज में आलू भण्डारण में सुगमता हेतु लगायी गयी है।उद्यान मंत्री ने बताया कि आलू का प्रदेश के बाहर तथा देश के बाहर निर्यात को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रदेश में आलू बाहुल्य क्षेत्र विशेषकर फर्रुखाबाद, कन्नौज, इटावा, औरैया, बाराबंकी आदि में ई-नैम के माध्यम से आलू विक्रय हेतु ई-ट्रेड की विशेष व्यवस्था लागू की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश से 15000 टन आलू का निर्यात उ0प्र0 राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ (हॉफेड) के माध्यम से नेपाल को निर्यात करने के अनुबन्ध के क्रम में पहली खेप फर्रूखाबाद से रवाना की जा चुकी है। जनपद आगरा से 600 टन आलू का निर्यात मलेशिया, दुबई एवं कतर के लिए भेजा जा चुका है।उद्यान मंत्री ने बताया कि भारत में उत्तर प्रदेश का आलू उत्पादन में प्रथम स्थान है। प्रदेश में उपभोक्ताओं के लिए पोषणीय आवश्यकता, रोजगार सृजन एवं आर्थिक दृष्टि से नकदी फसल के रूप में आलू का महत्वपूर्ण योगदान है। देश के कुल उत्पादन का लगभग 35 प्रतिशत आलू का उत्पादन उत्तर प्रदेश में उत्पादित होता है। योगी सरकार के प्रयास से आलू के क्षेत्रफल एवं उत्पादन में वृद्धि हुई। प्रदेश में इस वर्ष लगभग 6.94 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में आलू के आच्छादन के सापेक्ष लगभग 242.93 लाख मी0टन उत्पादन सम्भावित है। सरकार के प्रयास एवं लागू नीतियों के माध्यम से शीतगृहों की संख्या एवं भण्डारण क्षमता में वृद्धि हुई है। इस वर्ष आलू भण्डारण के लिए 1971 शीतगृह संचालित है, जिनकी भण्डारण क्षमता 162.62 लाख मी0टन है। अभी तक मात्र 88.14 लाख मी0टन आलू भण्डारित हुआ है एवं 74.48 लाख मी0टन (45.80 प्रतिशत) की क्षमता भण्डारण हेतु अवशेष है।

# एसटीएफ की सक्रियता से प्रयागराज मे एक बडी घ़टना टली

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** झूँसी थाना क्षेत्र के आवास विकास कालोनी योजना तीन के सेक्टर दो में किराए के मकान में रहने वाली महिला ने अपने प्रेमी संग मिलकर पति के हत्या की साजिश रची थी। पत्नी ने इसके लिए बकायदा प्रेमी की मदद से भाड़े के शूटरों को हॉयर भी किया था, लेकिन पति की हत्या के कुछ घंटे पहले ही लखनऊ की एसटीएफ की टीम ने झूंसी पुलिस की मदद से आरोपी पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया। शूटरों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही थी। अपनी हत्या की साजिश रचे जाने की जानकारी से पति पूरी तरह स्तब्ध था।मूलतः सुल्तानपुर की रहने वाली कविता झूंसी की आवास विकास कालोनी योजना तीन के सेक्टर दो में किराए का मकान लेकर रहती है। कविता किसी ब्यूटी पार्लर में काम करती है। साथ में उसके पति और दो बच्चे भी रहते हैं। पति सुनील कुमार गाजियाबाद में किसी प्राईवेट फर्म में नौकरी करता है। प्रेमी भी अपने आप को सॉफ्टवेयर इंजीनियर बताता है और वह भी गाजियाबाद में वह नौकरी करता है। होली पर्व



पर पति सुनील गाजियाबाद से झूंसी आया था।पुलिस के मुताबिक पति के बाहर रहने के दौरान ही पत्नी कविता का हनुमानगंज के रहने वाले युवक सुरेंद्र सिंह से निकटता हो गई थी। सुरेंद्र अपने को सॉफ्टवेयर इंजीनियर बताता है। दोनों के बीच दोस्ती से हुई शुरूआत कब प्रेम में बदल गई, पता ही नहीं चला। दोनों एक-दूसरे के साथ जीने-मरने की कसमें खाने लगे। इसी दौरान कविता ने प्रेमी सुरेंद्र से बोला कि हम दोनों तभी एक हो सकते हैं, जब पति को रास्ते से हटा दिए जाए। इसके लिए प्रेमी सुरेंद्र ने पति सुनील के हत्या की साजिश रच डाली।इसके लिए बकायदा हनुमानगंज के कुछ बदमाशों को सुपारी दी गई। बतौर एडवांस दो लाख रूपये शूटरों को दे भी दिए गए थे। रविवार की दोपहर में पति सुनील का कत्ल किया जाना था। शूटर भी झूंसी पहुंच चुके थे। इसी बीच उमेश पाल हत्याकांड में शूटरों की तलाश में जुटी गोरखपुर एसटीएफ की टीम को दो दिन पहले इस कत्ल की योजना के बारे में पता चला। असल में सर्विसलांस पर हनुमानगंज के शूटरों का भी नंबर लगाया गया था।गोरखपुर एसटीएफ ने पूरे मामले की जानकारी लखनऊ एसटीएफ से साझा की। रविवार की सुबह कत्ल से कुछ घंटे पहले लखनऊ एसटीएफ और झूंसी पुलिस की संयुक्त टीम ने आरोपी पत्नी कविता तथा प्रेमी सुरेंद्र को दबोच लिया। पुलिस की सजगता से पति की जान बचाई जा सकी। उधर, पत्नी के साजिश की जानकारी मिलने से पति सुनील सकते में था। इंस्पेक्टर झूंसी वैभव सिंह ने बताया कि पकड़ी गई महिला और उसके प्रेमी से पूछताछ की जा रही है।

# वाराणसी से गोवा और पुणे की फ्लाइट के लिए टिकट की बुकिंग शुरू, जानें कब होगी पहली उड़ान

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**वाराणसी।** इंडिगो एयरलाइंस के प्रतिनिधियों ने बताया कि दोनों शहरों के लिए कनेक्टिंग फ्लाइटें हैं। पहली बार सीधी फ्लाइट उड़ान भरेगी। इससे यात्री उत्साहित हैं। हैं। पहली बार सीधी फ्लाइट उड़ान भरेगी। इससे यात्री उत्साहित हैं। जाने और आने के लिए तेजी से टिकट बुक किए जा रहे हैं। सेवा शुरू होने में लगभग 15 दिन बचे हैं। दोनों विमानों में 50 से 60 फीसदी



जाने और आने के लिए तेजी से टिकट बुक किए जा रहे हैं। लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बाबतपुर से गोवा और पुणे के लिए उड़ान भरने वाली पहली सीधी फ्लाइट की बुकिंग शुरू हो गई है। पुणे की फ्लाइट की करीब 60 फीसदी और गोवा की 50 फीसदी सीटें बुक हो चुकी हैं। इंडिगो की फ्लाइट 28 मार्च से गोवा और 31 मार्च से पुणे के लिए नियमित उड़ान भरेगी। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। एयरलाइंस के प्रतिनिधियों ने बताया कि दोनों शहरों के लिए कनेक्टिंग फ्लाइटें सीटें बुक हो गई हैं। प्रतिनिधियों का कहना है कि विमान में बुकिंग को देख लग रहा है कि यात्रियों को उड़ान सेवा पसंद आ रही है। आने वाले दिनों और अच्छी बुकिंग की उम्मीद है पहले दिन यानी 28 मार्च को गोवा की विमान में 40 से 50 फीसदी बुकिंग हो चुकी है। वहीं पुणे की विमान में 50 से 60 फीसदी सीटें बुक हो चुकी है। बता दें इंडिगो एयरलाइंस की ओर से वाराणसी एयरपोर्ट से गोवा और पुणे की सीधी विमान सेवा शुरू की जा रही है।

# प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की बैठक में नहीं आए नगर आयुक्त-वीडीए वीसी

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**वाराणसी।** प्रभारी मंत्री सोमवार को दो दिवसीय (13-14 मार्च) दौरे पर



आए। उन्होंने सर्किट हाउस में विकास परियोजना और जिला योजना से संबंधित कार्यों की समीक्षा की है। इस बीच स्टांप एवं पंजीयन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल ने स्मार्ट सिटी के कार्यों, रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर व नमो घाट में कार्यक्रम के लिए मनमाना किराया तय किए जाने पर सवाल खड़े किए। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति व जिले के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की बैठक में सोमवार को नगर आयुक्त शिपू गिरी व वीडीए उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल नहीं पहुंचे। इस पर प्रभारी मंत्री ने नाराजगी जताई। जिलाधिकारी एस राजलिंगम से कहा कि अनुपस्थित नगर आयुक्त व वीडीए उपाध्यक्ष से स्पष्टीकरण लें प्रभारी मंत्री सोमवार को दो दिवसीय (13-14 मार्च) दौरे पर आए। उन्होंने सर्किट हाउस में विकास परियोजना और जिला योजना से संबंधित कार्यों की समीक्षा की है। इस बीच स्टांप एवं पंजीयन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल ने स्मार्ट सिटी के कार्यों, रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर व नमो घाट में कार्यक्रम के लिए मनमाना किराया तय किए जाने पर सवाल खड़े किए। चौकाघाट फ्लाईओवर की खराब सड़क बनाने वाली संस्था के खिलाफ कार्रवाई की मांग रखी। यह भी कहा कि सेवा प्रदाता कंपनी ने रोजगार के नाम पर लोगों का शोषण किया है।

# अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर अलग अलग क्षेत्रों से आई वीरांगनाओं को सम्मानित

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**लखनऊ ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन लखनऊ में मुमताज़ पी.जी कालेज में किया



गया । वीडियो वालेंटियर व परमवीर चक्र वीर अब्दुल हमीद वेलफेयर सोसायटी व अन्य सहयोगी संस्था नेशनल हैंडीकैप हेल्प फाउंडेशन व श्एध् संस्था द्वारा महिलाओं को माला व मोमेंटो देकर उन महिलाओं का सम्मान किया गया जो अपने क्षेत्रो में महारात हासिल कर रही है जिससे डॉक्टर , आशा वर्कर , एक्टर ,लेखिका ,समाज सेविका , उर्दू शायरा व युवा साथी और गोल्ड मेडलिस्ट छात्रा ,कवयित्री पत्रकारिता के क्षेत्र मे अपनी पहचान बना चुकी रीडर्स मैसेंजर्स की संपादक संगीता शर्मा भी शामिल रही है जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है व देश का नाम रोशन किया कार्यक्रम की शुरुआत तबला वादकों ने महिलाओं के लिए गीत गाकर किया गया वही सामाजिक कार्यकर्ता श्रुति भट्टाचार्य जी ने कहाँ की हमे चिंतन करने की जरूरत है महिलाओं की स्थिति पर महिलाओं के साथ होने वाली गैबराबरी व हिंसा के मामले बढ़ते जा रहे है जिसको हमे रोकना होगा वही अभिनेत्री वंदना जी ने बताया कि हिंदी फ़िल्मी सिनेमा में महिलाओं ने अपनी मेहनत का लोहा मनवाया है हमे अपनी बेटियों को मौका देना चाहिए कि वो हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना सके । वही गोल्ड मेडलिस्ट गज़ाला ने बताया कि वो मुस्लिम है और वो संस्कृत में शिक्षा ग्रहण कर रही है जिसमे उसे गोल्ड भी मिले है तो शिक्षा जो भी हम हासिल कर सकते है पर उसके लिये लगन मेहनत करनी बहुत जरूरी है अपनी बेटियों को पढ़ाये जरूर जिससे वो अपनी पहचान बना सके । वही कार्यक्रम का संचालन वीडियो वालेंटियर संवाददाता व संस्था की सचिव ज़ैनब सिद्दीकी व आसिम ने कार्यक्रम का संचालन किया और बताया कि उनकी संस्था समाज मे महिलाओं और युवाओ को नई दिशा देने का काम कर रही है जो हाशिये पर है उनकी आवाज़ें बुलन्द करने का काम कर रही है और आगे भी समाज मे वो बदलाव का काम करती रहेगी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप मेंज़् बॉबी खान (यूनेस्को प्रेसिडेंट ऑफ़ इंडिया ) ने कहा कि इंटरनेशनल स्तर पर महिलायें अपनी पहचान बना रही है वही शफ़ीक़ खान(आईआरएस रिटायर्ड अधिकारी ) ने कहा कि हमे बस बेटियों को मौके देने की जरूरत है ऋषि राज (अभिनेता) जी ने कहा कि महिलाओं को हर दिन है रोज उनको हमे उतना ही सम्मान देना चाहिए ब्रज भूषण बापू जी ( धाम वृंदावन) ने कहा कि संस्था द्वारा किये गए प्रयास बहुत सार्थक है सैय्यद बिलाल नूरानी (अंजुमन इस्लाहुल मुस्लमीन इंचार्ज) मोहम्मद नसीम (मुमताज़ डिग्री कालेज प्रिंसिपल) मोहम्मद नईम (परमवीर चक्र वीर अब्दुल हमीद वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष) कार्यक्रम को समापन गजल गायकों ने महफ़िल में शमा बांध कर किया । व गुलनाज, रेशमा बानो, ज़ैनुल , रुकय्या, रईस , वीरेंद्र, शांति, कांति , सनम ,बरखा, आसिम , कांति ,अफ़ीफ़ा , रहमान ,सलमान , अफ़ज़ल , इब्राहिम, नीलम ,सिमरन,ज़ैनुल आब्दीन ,फैज़ुल , रिया ,आदि सैकड़ो साथी मौजूद रहे।

# उस रस्म को मिटाया जाए जो मासूमीन के संदेश के खिलाफ है: मौलाना सय्यद शमीमुल हसन

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**लखनऊ ।** गोलागंज स्थित संस्था तनज़ीमुल मकातिब परिसर में दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया जिसकी आज की बैठकें हुई जिसमें देश के प्रसिद्ध उलमा, शख्सियात और बुद्धिजीवी ने सभा को सम्बोधित किया। सम्मेलन की शुरुआत मौलवी मीसम रज़ा मूसवी छात्र जामिया इमामिया ने पवित्र कुरआन से की। संस्था तनज़ीमुल मकातिब के संयुक्त सचिव मौलाना फिरोज़ अब्बास ने कहा कि मौलाना सय्यद गुलाम अस्करी जिनकी याद हम लोग यहां जमा हैं वह कोई मामूली व्यक्ति नहीं थे बल्कि जिनके दिल में कौम का दर्द था वह उस समय थे जब उनकी खिताबत बुलंदियों पर थी लेकिन उन्हें कौम का दर्द था इसलिए उन्होंने संस्था की स्थापना की और संस्था आज तक उनका संदेश फैला रहा है। संस्था तनज़ीमुल मकातिब के अध्यक्ष मौलाना सय्यद शमीमुल हसन ने कहा कि जिस प्रक्रिया के लिए मासूम चुप रहे हों वह हमारे लिए सही है और हम इस पर तेज़ी न करें कि हर रस्म को मिटाया जाए हम इस बात पर गौर करें कि उस रस्म को मिटाया जाए जिसके खिलाफ किसी मासूम का संदेश मौजूद हो तो वह रस्म हमारे लिए सही नहीं है। संगठन के सचिव मौलाना सैयद सफी हैदर अल-मकतब ने अंत में विद्वानों, कवियों, हस्तियों और विश्वासियों का धन्यवाद किया । संस्था तनज़ीमुल मकातिब के सचिव मौलाना सय्यद सफी हैदर अंत में आए हुए उलमा, शोअरा बुद्धिजीवी और मोमिनीन का शुक्रिया अदा किया।मौलाना ने मीडिया का शुक्रिया अदा किया और कहा कि मीडिया ने इस कार्यक्रम में हमारा बहुत समर्थन किया जो हम मोमिनीन तक नहीं पहुंचा सकते हैं उस बात को मीडिया ने मोमिनीन तक पहुंचाया है। मौलाना ने कहा कि मैं सभी पत्रकारों का शुक्रिया अदा करता हूं कि उन्होंने अपना कीमती समय हमको दिया और हमारे कार्यक्रम को मोमिनीन तक पहुंचाया।

100% Placement

सीधे प्रवेश

15% Fee Concession

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

(पहले आओ पहले पाओ)

- प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
- हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।



- कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
- डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
- फायर सेफ्टी — सीसीए
- कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
- इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
- सीएनसी प्रोग्रामिगं — बेसिक कम्प्युटर
- इलेक्ट्रिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर



Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0

8081180306 , 9415608710 , 8103021873

➪ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# नाबालिग लड़की से शादी रचाना पडा भारी दो लाख रुपए मे हुआ था सौदा तय

## महिला थाना एव महिला कल्याण विभाग के टीम ने शादी रूकवाई

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** दिनांक12-03-2023 को सूत्रों से प्राप्त जानकारी की राजस्थान से लडका आकर दंडित बाबा मंदिर पर शादी कर रहा है जिसमे लडकी नाबालिग है जिसकी सूचना पर थाना मानव तस्करी रोधी इकाई, महिला थानाध्यक्ष व महिला कल्याण विभाग की संयुक्त टीम प्रकाश शर्मा निवासी नसौराबाद राजस्थान द्वारा हमारे लडके सुनील की शादी के लिये 1लाख 80 हजार रूपये मे तय हुआ जिसमे विचौलिये द्वारा यहा के लड़की का फोटो दिखाया और यहा के बिचौलिया गीता व संजय निवासी बरकरा सोनभद्र से बात भी करवाया और फिर हम व हमारे लडके सुनील व मुख्य आरक्षी धनञ्जय यादव जिला बाल संरक्षण इकाई सोनभद्र से संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक, ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे महिला शक्ति केन्द्र से जिला समन्वय साधना मिश्रा, वन स्टाप सेन्टर से केन्द्र प्रशासक दीपिका सिंह के द्वारा जाँच मे मौके पर बिचौलिया गीता व संजय के पास




द्वारा मौके पर जाकर पुछ ताछ किया गया जिसमे पता चला की 2 लाख रुपये मे बिचौलिये के माध्यम से भीलवाड़ा जहाजपुर राजस्थान के रहने वाले निवासी के साथ आज शादी किया जा रहा था जिसमे बालिका प्रथम दृष्टया नाबालिग प्रतीत हो रही थी जिसके कारण दोनो पक्षों को महिला थाने ले जाया गया जहा पर लडके के पिता बजरंग लाल द्वारा बताया गया कि विष्णु कुमार व विष्णु तीनो लोग गिता व संजय के घर नौ मार्च को आये और गीता व संजय को 1 लाख रुपया व विष्णु को 80 हजार रूपया दिया गया जिसके बाद शादी हो रही थी तभी संयुक्त टीम पहुच गयी और हम लोगो को ले आये संयुक्त टीम मे महिला थानाध्यक्ष रावर्टसगंज सरोजमा सिंह थाना मानव तस्करी रोधी इकाई सोनभद्र से उप निरीक्षक हरिदत्त पाण्डेय से 50 हजार रूपया व विष्णु प्रकाश शर्मा के पास से 10हजार रूपया बरामद किया गया और बालिका के उम्र के सम्बन्ध में पाया गया कि बालिका बालिग है परन्तु बिचौलियों द्वारा पैसा लेकर दोनो पक्षों को अन्धेरे में रखकर शादी करवाया जा रहा था जिसके लिये टीम द्वारा विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाने के लिए थाना कोतवाली ले जाया गया।

# अंतिम संस्कार के लिए महिला का शव लेकर जा रहे ट्रैक्टर को टैंकर ने मारी टक्कर, दो की मौत

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** मड़िहान थाना क्षेत्र के रैकरी गांव निवासी सरोज सिंह की माता बुधिया देवी (60) की बीमारी से मौत हो गई। परिजन मौके पर पहुंचे मड़िहान और राजगढ़ पुलिस ने समझा कर आधे घंटे बाद जाम समाप्त कराया। मृत महिला के शव के अंतिम संस्कार के लिए पुलिस ने लोगों को पिकअप से घायल अवधेश को प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। घटना से आक्रोशित लोगों ने कुंदरूप गांव के पास सड़क जाम कर दिया। इसके बाद मौके



ग्रामीणों समेत लगभग 35 से 40 लोगों के साथ ट्रैक्टर से शव लेकर मिर्जापुर के चौबे घाट अंतिम संस्कार करने के लिए आ रहे थे। ट्रैक्टर मड़िहान थाना क्षेत्र के कुन्दरूप गांव के पास पहुंची थी कि सोनभद्र की ओर से आ रहे टैंकर ने पीछे से ट्रैक्टर- ट्राली में टक्कर मार दिया। मिर्जापुर में अंतिम संस्कार के लिए महिला का शव लेकर जा रहे ट्रैक्टर सवारों को टैंकर ने मड़िहान थाना क्षेत्र के कुन्दरूप गांव के पास सोमवार की रात टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर सवार दो लोगों की मौत हो गई। एक गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रैक्टर पर सवार अन्य लोगों को भी हल्की चोट आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद टैंकर चालक मौके से फरार हो गया। मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने गांव के पास जाम लगा दिया। भिजवाया। मड़िहान थाना क्षेत्र के रैकरी गांव निवासी सरोज सिंह की माता बुधिया देवी (60) की बीमारी से मौत हो गई। परिजन ग्रामीणों समेत लगभग 35 से 40 लोगों के साथ ट्रैक्टर से शव लेकर मिर्जापुर के चौबे घाट अंतिम संस्कार करने के लिए आ रहे थे। ट्रैक्टर मड़िहान थाना क्षेत्र के कुन्दरूप गांव के पास पहुंची थी कि सोनभद्र की ओर से आ रहे टैंकर ने पीछे से ट्रैक्टर- ट्राली में टक्कर मार दिया। जिससे ट्रैक्टर की ट्राली पर बैठे सुभाष (48) व सीताराम (52) निवासी रैकरी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में अवधेश (30) गंभीर रूप से घायल हो गया हादसे में ट्रैक्टर सवार अन्य लोगों को भी हल्की चोटें आई। सूचना पर पहुंचे मड़िहान थाना अध्यक्ष शैलेश राय स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।गंभीर रूप से पर राजगढ़ थाना प्रभारी भी फोर्स के साथ पहुंचे । पुलिस ने लोगों को समझाकर आधे घंटे बाद जाम समाप्त कराया। हादसे के बाद टैंकर चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया था, जिसकी तलाश में पुलसि जुटी है। मृत महिला के अंतिम संस्कार के लिए पुलिस ने शव को पिकअप से भेजवाया। हादसे में मृत लोगों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक सुभाष को एक पुत्री व दो पुत्र हैं। सीताराम को एक पुत्र है। मौत से दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। थानाध्यक्ष मड़िहान शैलेश राय ने बताया कि शव को लेकर अंतिम संस्कार के लिए जा रहे ट्रैक्टर सवारों को टैंकर ने पीछे से टक्कर मार दिया। जिसमें दो लोगों की मौत हुई है। एक गंभीर रूप से घायल है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर फरार टैंकर चालक की तलाश की जा रही है।

# 200 बेड का नया अस्पताल बनेगा, जमीन की तलाश शुरू

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** मंडलीय अस्पताल और जिला महिला अस्पताल मेडिकल कालेज के अधीन होने के बाद शासन ने 200 बेड का संयुक्त रूप



से नया जिला और महिला अस्पताल बनाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत 100 बेड का पुरुष व 100 बेड का महिला अस्पताल बनाने की तैयारी है। इसके लिए सीएमओ को पांच एक एकड़ की जमीन तलाश करने के लिए पत्र लिखा गया है। सीएमओ ने जिला प्रशासन को पत्र लिखकर पांच एकड़ जमीन उपलब्ध कराने की मांग की है। जमीन उपलब्ध होने के बाद अस्पताल बनाने का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा। वर्तमान में जिले में 155 बेड का मंडलीय और 84 बेड का जिला महिला अस्पताल है। इसके अलावा 100 बेड का मैटरर्निटी विंग भी है। मां विंध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) बनने के बाद ये तीनों अस्पताल और इससे संबंधित अन्य भवन इसके अधीन हो गए हैं। इस बीच बीते 22 फरवरी को प्रमुख सचिव ने निर्देश दिया कि जिले में वर्तमान में स्थित मंडलीय व जिला महिला अस्पताल के अलावा मैटर्निटी विंग के भवन मेडिकल कॉलेज ने अपने अधीन कर लिया है। अब जिले में लोगों को चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संयुक्त जिला चिकित्सालय भवन का निर्माण कराया जाना है। इसके लिए न्यूनतम पांच एकड़ जमीन की आवश्यकता है। यह पत्र मिर्जापुर समेत प्रदेश के 25 जिलों के सीएमओ को भेजा गया है। इसमें सीएमओ को निर्देश दिया गया कि वे प्रशासन से संपर्क कर पांच एकड़ भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कर इसकी सूचना, खसरा-खतौनी की नकल व कार्ययोजना उपलब्ध कराएं। उधर, अस्पताल भवन के लिए जमीन हाईवे के आस-पास तलाश की जा रही है। ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी इसका लाभ मिल सके। कुल 200 बेड के संयुक्त अस्पताल बनेगा। इसमें 100 बेड पुरुष और 100 बेड के महिला अस्पताल भवन का निर्माण किया जाएगा। सीएमओ डॉ.राजेंद्र प्रसाद का कहना है ।

# कृष केशरी का शव पहुंचा राबर्ट्सगंज हजारो कि संख्या मे उमड़ी भीड

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज निवासी कृष केशरी पर होली के पर्व पर मनबढ लडको ने बैट से कृष केशरी पर के सर पर पिछे से वार कर दिया था चोट के बाद उसे गम्भीर चोट के कारण बनारस रेफर कर दिया गया था लेकिन उसे बचाया नही जा सकाआज जब पोस्टमार्टम के बाद उस का शव राबर्ट्सगंज लाया गया तो सभी व्यापारीयो ने अपनी अपनी दुकान बंद कर के धरना-प्रदर्शन किया और विरोध जतायाकृष केशरी के शव को देखने एव इन्सान के लिए हजार कि भीड उमड़ी और विरोध जताया गया कृष पर हमला करने वाले आरोपीयो मे से 7 आरोपीयी को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया है सभी आरोपीयो पर आईपीसी कि धारा 34,147,148,504,506,308,सामील है सोनभद्र जिले कि ए दूसरी घटना है जिसमे दो मासूम बच्चो कि जान चली गयी पूरे जिले मे आक्रोश का मौहल बना हुआ है एडीसनल एसपी ने जनता से अपील कि और परिवार जन एव सभी को अस्वासन दिया कि कृष केशरी को इन्सानफ दिलाया जाएगा व्यापारियो ने एडीसनल एसपी को सौंपा ज्ञापन और इन्सानफ दिलाने को कहा

# दुद्धी मण्डल के बीड़र शक्तिनकेन्द्र पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजित चौबे ने मा0 राष्ट्रपति के अभिभाषण पर संगोष्ठी को किया संबोधित

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** दिनांक 13 मार्च को दुद्धी तहसील मुख्यालय के बीड़र गांव में माननीय राष्ट्रपति द्वारा सदन में किए गए अभिभाषण पर संगोष्ठी तथा बुथ सशक्तिकरण के कार्यशाला का आयोजन किया गया भ्र्ष्टाचार से मुक्ति मिल रही है जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल पहुचाने के लिये कटिबद्ध है जिसका लाभ 11 करोड़ परिवारों मिल चुका है साथ ही साथ आदिवासियों के गौरव भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन को जनजाति गौरव दिवस



इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत चौबे ने संगोष्ठी को संबोधित किया इससे पूर्व अभिभाषण के क्रमशः प्रथम से चतुर्थ भाग को पढ़ते हुए प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के सहसंयोजक शिव शंकर गुप्ता एडवोकेट रजखड़ ग्राम प्रतिनिधि बृजेश कुशवाहा बूथ अध्यक्ष अमरनाथ पटेल वह शक्ति केंद्र प्रभारी जयप्रकाश तिवारी ने कहां भारत विश्वगुरु के रूप में स्थापित होने की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा है आज विश्व मे भारत की मान बढ़ी है आने वाला युग 2047 तक भारत का होगा भारत द्वारा महिला सशक्तिकरण धारा 370 तीन तलाक सहित डिजिटल इंडिया के तहत व्यपारियों को के रूप में मनाकर आदिवासियों का सम्मान सरकार ने बढ़ाया है। तथा 55 हजार से ज्यादा के गैस कनेक्शन मुफ्त में दिए गए 700 करोड़ रुपये से ज्यादा मुद्रा लोन दिया गया करोना काल मे फ्री वैक्सीन 2 साल के भीतर 200 करोड़ लोगों को लगाई गई। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा आने वाले दिनों में भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कई नए मुकाम हासिल करने वाली है आज भारत सरकार सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास की धारणा को लेकर कार्य कर रही है इस दौरान बुथ सशक्तिकरण के कार्यशाला आयोजन भी किया गया कार्यशाला को संबोधित करते हुए दुद्धी मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह बबलू ने शक्ति केंद्र संयोजक प्रभारी तथा बूथ अध्यक्ष गणों से संगठन के द्वारा चलाए जा रहे हैं आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री प्रेम नारायण सिंह मोनू ने किया इस बैठक में मुख्य रूप से जिला कार्यसमिति सदस्य राजन चौधरी चौधरी ग्राम प्रधान सुरेश कुमार पूर्व जिला महामंत्री सुरेंद्र अग्रहरी जिला मंत्री दिलीप पांडे शक्ति केंद्र प्रभारी सुरेंद्र प्रताप सिंह संजू तिवारी सुमित सोनी मनीष तिवारी सूरज देव प्रसाद जयप्रकाश तिवारी मंडल उपाध्यक्ष राहुल अग्रहरि मंडल महामंत्री मनीष जायसवाल प्रबुद्ध प्रकोष्ठ संयोजक जितेंद्र चंद्रवंशी समाजसेवी अनिल कुमार भाजयुमो पूर्व मंडल मंत्री राहुल गुप्ता अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष राफे खान भाजयुमो मंडल अध्यक्ष कुमार कुंदन किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष शिव प्रसाद कुशवाहा महिला मोर्चा चमेली देवी सोशल मीडिया संयोजक कौशलेंद्र प्रताप सिंह सहसंयोजक पीयूष कसेरा भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष अमित सिंह महामंत्री मनोज भारद्वाज शक्ति केंद्र संयोजक वीरेंद्र कुमार रोशनी कुशवाहा योगेंद्र अकेला बूथ अध्यक्ष दीपक सोनी दीनानाथ कुशवाहा सुरेंद्र कुमार राजेश सिंह अनिल कुशवाहा अमरनाथ पटेल पवन पटेल राम बहादुर अभय कुमार विकास मद्धेशिया नागेंद्र प्रसाद मुन्नीलाल गोपीचंद किस्मतिया देवी भाजपा कार्यकर्ता राजन अग्रहरि राजपाल अजय चंद्रवंशी मुरलीधर एडवोकेट अंगद मौर्या सहित बीड़र ग्रामवासी मौजूद रहे।

# एनएचएआई के दो अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** शासन की प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में पूछे गए सवाल का संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने पर मंडलायुक्त डॉ.मुथुकुमार स्वामी बी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के सहायक अभियंता से स्पष्टीकरण मांग लिया। इसके अलावा बैठक में नहीं आने पर उन्होंने एनएचएआई के अधिशासी अभियंता से भी स्पष्टीकरण मांग लिया। मंडलायुक्त पथरहिया स्थित आयुक्त कार्यालय के सभागार में सोमवार को शासन की प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने गलत




रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता से कड़ी नाराजगी जताई। साथ ही चेतावनी दी कि भविष्य में रिपोर्ट का खुद अध्ययन कर सही तरीके से प्रस्तुत करें, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्राथमिक विद्यालयों के जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण के संबंध में संयुक्त शिक्षा निदेशक एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से अविलंब जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चिह्नित विद्यालयों में सभी बिंदुओं के अनुरूप शत प्रतिशत कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों को गोद लिए जाने के संबंध में जानकारी भी ली। साथ ही स्कूलों में विद्युत आपूर्ति एवं दिव्यांग शौचालय का निर्माण मानक के अनुसार कराए जाने का निर्देश दिया। मत्स्य, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के साथ ही स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाने की खराब प्रगति पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कड़ी नाराजगी जताई और मंडल की सभी तीनों जिलों में गोल्डन कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने सीडीओ को प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। उन्होंने अस्पतालों में सभी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। साथ ही यह भी कहा कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों के लिए बाहर की दवा नहीं लिखे जाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने चेतावनी दी कि ड्रग हाउस में दवा उपलब्ध होने के बाद भी बाहर से दवा खरीद किए जाने की मिली तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त ने मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि दवा उपलब्ध न होने पर बाहर से क्रय की गई दवाओं की स्वयं समीक्षा करें। मंडलायुक्त ने सड़क निर्माण से जुड़े विभागों अधिकारियों को आगाह किया कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुणवत्ता खराब होने की शिकायत मिलने पर जांच कराकर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में नहरों में टेल तक पानी पहुंचाने, विद्युत बिल बकाया की अद्यतन स्थिति, निवेश मित्र एवं झटपट पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा निराश्रित गोवंश, टीकाकरण, पशुओं की ईयर टैगिंग, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, अधूरे पड़े निर्माण कार्यों की प्रगति, सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन, अमृत योजना के तहत जलापूर्ति, सीवर लाइन, पार्क, अपशिष्ट प्रबंधन, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण एवं शहरी) आदि की भी समीक्षा की गई।

# महिला थानाध्यक्ष के प्रयास से चार वैवाहिक जोडे साथ मे रहने के लिए हुए तैयार

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** जनपद में ङ्कमिशन शक्तिङ्क नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के क्रम में महिला थाना रॉबर्ट्सगंज पर आयोजित अतिरिक्त 02 अन्य प्रकरण में पति-पत्नी को निश्चित तिथि देते हुए उन्हें काउंसलिंग हेतु बुलाया गया । काउंसलिंग के दौरान महिला थानाध्यक्ष द्वारा परामर्श केन्द्र में




परामर्श केन्द्र में महिला थानाध्यक्ष सरोजमा सिंह मय टीम द्वारा महिला थाना रॉबर्ट्सगंज में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के संम्बंध में 04 जोड़ा पति-पत्नी की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें सुलझाया गया़ जिससे पति-पत्नी राजी-खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गए । इसके आये दम्पतियों की पारिवारिक सम्बंधी प्रकरणों में उनकी काउंसलिंग की गयी तथा पति-पत्नी को आपस में विवाद को खत्म कर सुलह-समझौता कराते हुए साथ में रहने हेतु प्रेरित किया गया जिससे दोनों जोड़े हंसी-खुशी साथ मे रहने हेतु तैयार हो गये जिसपर पुलिस द्वारा उन्हें उनके आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई ।

# प्यार बना जीवन का काल ,दबंगो ने युवक की काट दी जीभ

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सलैयाडीह में बीती रात शर्मा टोला के पीछे निवासी अनिल यादव उम्र लगभग 27 वर्ष पुत्र कामेश्वर यादव को प्रेम प्रपंच में लड़की भगा कर बाहर ले जाने के मामले में झारखंड राज्य के गढ़वा जिला अंतर्गत एक गांव के कुछ लोगों के द्वारा मारपीट कर है बीती रात जीव कटे हालात में घर पहुंचा तथा बताया कि झारखंड के कुछ लोगों के द्वारा मारपीट करने के पश्चात इस तरह की घटना कर दिए हैं जिसकी सूचना रात्रि को ही ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अभिषेक प्रताप सिंह के साथ जाकर मौखिक रूप से दिया हूं तथा समुचित उपचार के लिए जिला अस्पताल में आया हु। वही



जीभ काटने का मामला प्रकाश में आया है, जिसका उपचार जिला अस्पताल पर परिजनों के द्वारा कराया जा रहा है उक्त मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ठाकुर ने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध व थाना क्षेत्र के अंतर्गत की नहीं है, प्रार्थना पत्र मिलने के बाद समुचित कानूनी कार्रवाई अवश्य की जाएगी प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सलैयाडीह निवासी कामेश्वर यादव ने आरोप लगाया कि मेरा लड़का अनिल यादव बाहर में काम करता अनिल यादव का बड़ा भाई मनोज कुमार यादव ने सेल फोन पर बताया कि मेरे भाई को गढ़वा राज्य के एक लड़की को भगाकर हरियाणा आपने काम के स्थान पर ले जाने की जानकारी हुई थी जिसे लड़की के परिजनों के द्वारा बीते तीन-चार दिन पूर्व हरियाणा जा कर ले आए थे मुझे पूरी आशंका है कि उक्त लड़की के परिजन के द्वारा ही मेरे भाई के साथ मारपीट करने के पश्चात जीभ को काटा है प्रार्थना पत्र मिलते हैं तत्काल समुचित कानूनी कार्रवाई अवश्य की जाएगी।

# कमियां मिलने पर पशुधन मंत्री ने अधिकारियों को लगाई फटकार

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**विंध्याचल।** प्रदेश सरकार के पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनीतिक पेंशन, को देने की बात कही। गरीब किसानों के लिए पशुपालन बहुत ही उपयोगी है। बैठक के बाद



अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज तथा नागरिक सुरक्षा विभाग के मंत्री धर्मपाल ने सोमवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यों की समीक्षा की। अष्टभुजा डाक बंगला के सभागार में हुई समीक्षा बैठक में कमियां मिलने पर उन्होंने उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाई और कमियां अविलंब दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि गोवंश की संख्या कम हुई है। यह ठीक नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि छुट्टा पशुओं को प्राथमिक स्तर पर गोशाला में पहुंचाने का कार्य करें। इसके साथ ही चारा, भूसा, पानी, प्रकाश, जाड़ा व गर्मी में धूप से बचाव के लिए समुचित व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया। गाय का दूध बढ़ाने के लिए सेक्स सीमेन, जिससे बछिया पैदा हो, उसकी कीमत तय करने का निर्देश दिया। साहिवाल गिरी गाय एवं हरियाणवीं नस्ल के 75 लाख कृत्रिम पशुओं का गर्भधान कराया जाएगा। मुर्रा भैंस का सीमेन भी निःशुल्क किसानों पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री ने कहा कि बजट सत्र के दौरान सपा के मुखिया ने सवाल उठाया था कि अपराधी शूटिंग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने जवाब देते हुए कहा था कि जो अपराधी शूटिंग कर रहे हैं, उन्हें मिट्टी में मिलाने का कार्य वे करेंगे। उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी बख्शे नहीं जाएंगे। होली का पर्व पूरे प्रदेश में शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया है। पिछली सरकारों में हिंसक घटनाएं होती थीं। कानून की व्यवस्था चाक-चौबंद है। नगर निकाय चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि सरकार ने चुनाव कराने की तैयारी पूरी कर ली है। कोर्ट से आदेश मिलते ही तत्काल चुनाव कराए जाएंगे। जिले में नंद बाबा योजना लागू है। गोशाला की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किए हुए लोगों को चिह्नित जेल भेजने का कार्य किया जाएगा। अगर किसी ने गोशाला की जमीन पर कब्जा किया तो उसे तत्काल कब्जा मुक्त कराया जाएगा।

# भारत को लगा जोरदार झटका श्रेयस अय्यर अहमदाबाद टेस्ट से हुए बाहर, वनडे सीरीज में खेलने पर बना सस्पेंस

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर कमर के निचले हिस्से में दर्द के कारण मौजूदा अहमदाबाद थे। जब रवींद्र जडेजा और केएस भरत को अय्यर से पहले बल्लेबाजी करने के लिए भेजा गया, तब बीसीसीआई ने अपडेट दी थी। बीसीसीआई ने बताया था कि श्रेयस और भारतीय टीम ने पहली पारी में 9 विकेट खोकर 571 रन बनाए। पता हो कि श्रेयस अय्यर पिछले कुछ समय से कमर दर्द से परेशान चल रहे हैं। इस चोट के कारण वो



टेस्ट से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई ने श्रेयस अय्यर के बाहर होने की पुष्टि कर दी है। बीसीसीआई ने कहा, 'श्रेयस अय्यर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में अब हिस्सा नहीं लेंगे। एक विशेष विचार लेने के बाद यह फैसला लिया गया।' इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि अय्यर आगामी वनडे सीरीज में हिस्सा ले पाएंगे या नहीं। बता दें कि श्रेयस अय्यर ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट के तीसरे दिन कमर के निचले हिस्से में दर्द की शिकायत की थी। इसके चलते वह बल्लेबाजी करने नहीं उतरे अय्यर ने कमर के निचले हिस्से में दर्द की शिकायत की और उन्हें स्कैन के लिए ले जाया गया है। बीसीसीआई ने बयान जारी करके कहा, 'श्रेयस अय्यर ने तीसरे दिन के बाद कमर के निचले हिस्से में दर्द की शिकायत की। उन्हें स्कैन के लिए ले जाया गया है। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उन पर नजर रख रही है।' कुछ समय से परेशान हैं अय्यर अब तक यह जानकारी सामने नहीं आई है कि स्कैन की रिपोर्ट में क्या आया है। बहरहाल, श्रेयस अय्यर चोट के कारण बल्लेबाजी करने नहीं उतरे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट से बाहर रहे। इससे पहले वो न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हो गए थे।बता दें कि श्रेयस अय्यर का मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। अय्यर ने दूसरे टेस्ट में वापसी की, लेकिन केवल 4 और 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद इंदौर टेस्ट में वो पहली पारी में खाता नहीं खोल सके जबकि दूसरी पारी में 26 रन बना सके। इस तरह अय्यर ने दो टेस्ट में कुल 42 रन बनाए। फिर अहमदाबाद टेस्ट में वो चोट के कारण बल्लेबाजी नहीं कर सके।

# करियर का 75वां शतक जड़ते वक्त बुरी तरह बीमार थे विराट कोहली पत्नी अनुष्का शर्मा ने किया चौंकाने वाला खुलासा

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अहमदाबाद में खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच में टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में अपने शतक के सूखे को खत्म किया। 3 साल बाद विराट के बल्ले से टेस्ट में शतकीय पारी देखने को मिली। उन्होंने 364 गेंदों का सामना करते हुए 186 रन बनाए। 1205 दिनों के लंबे अंतराल के बाद टेस्ट में अपना शतक जड़ा। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। शतकों के मामले में विराट ने क्लार्क और हाशिम आमला का एक रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने तेज 28 शतक लगाने के मामले में उन्होंने इन दोनों बल्लेबाजों को पीछे छोड़ दिया है। क्लार्क ने 115 टेस्ट मैच की 198वें पारी में 28





बता दें कि कोहली इस मैच से पहले बीमार थे, जिसका खुलासा उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी से किया। दरअसल, विराट कोहली के इंटरनेशनल क्रिकेट करियर के 75वें शतक जड़ने के बाद इंस्टाग्राम पर उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने कोहली को लेकर दिल छू लेने वाली बात कही। अनुष्का ने स्टोरी पर कोहली के शतक की वीडियो के साथ लिखा, ''बीमारी के बीच भी इतना अच्छा खेला। आप हमेशा मुझे प्रेरित करते हो।'' बता दें कि चौथे दिन के खेल समाप्त होने तक भारतीय टीम ने 571 रन बनाए। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दूसरी पारी में 3/0 रन बनाए। पहली पारी में कोहली ने शतक जड़ा था, जबकि विराट ने यह उपलब्धि 108वें टेस्ट की 183वें पारी में ही हासिल कर ली। गौरतलब हो कि किंग कोहली ने पिछले साल 2022 एशिया कप के दौरान विराट कोहली ने अपने इंटरनेशनल क्रिकेट का 71वां शतक जड़ा था। यह शतक उनके टी-20 करियर का पहला शतक रहा। उन्होंने उस दौरान 61 गेंदों का सामना करते हुए 122 रनों की तूफानी पारी खेली थी। वहीं, साल 2023 में विराट कोहली ने श्रीलंका के खिलाफ पहले वनडे मैच में शानदार शतक जड़ दिया। इसके साथ ही उन्होंने आखिरी वनडे में भी 166 रनों की नाबाद पारी खेली थी।

# कौन है गुजरात जायंट्स पर कहर बनकर टूटने वाली मारिजाने कैप में मचाया तहलका

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स की ऑलराउंडर मारिजाने कैप की घातक



गेंदबाजी ने गुजरात जायंट्स के शीर्ष क्रम को तहस नहस कर दिया। कैप ने शुरुआती चार बल्लेबाजों को आउट करने के साथ ही पांच विकेट लिए, जो टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात को कैप ने पहले ओवर की दूसरी गेंद पर सलामी बल्लेबाज शबनेनी मेघाना को आउट कर बड़ा झटका दिया। इसके बाद कैप ने अपने दूसरे ओवर में लौरा वोलवार्ट और एश्ले गार्डनर को आउट कर गुजरात को बैकफुट पर ला दिया। टीम पावरप्ले में पांच विकेट गंवा चुकी थी। कैप ने हरलीन देओल को चौथा और सुषमा वर्मा को पांचवां शिकार बनाया। उनके अलावा शिखा पांडे और राधा यादव ने एक-एक विकेट लिया। नेटबॉल और एथलेटिक्स की भी खिलाड़ी रह चुकी है साउथ अफ्रीका की ऑलराउंडर मारिजाने कैप ने साल 2009 में वर्ल्ड कप में डेब्यू किया था। उन्होंने साल 2013 में महिला विश्व कप के दौरान कटक में पाकिस्तान की ओर से नाबाद 102 रन की पारी खेली। वर्ल्ड कप के दौरान उन्होंने डेन वैन नीकेर्क के साथ 128 रन की साझेदारी भी की, जो विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका महिलाओं के लिए अब तक की सबसे बड़ी साझेदारी है। बता दें कि क्रिकेट के अलावा, वो नेटबॉल और एथलेटिक्स की भी खिलाड़ी रह चुकी है। उन्होंने खेल प्रबंधन में डिग्री हासिल की है।दिसंबर 2017 में उन्हें घ्ण्ण् महिला ध्३घ् टीम ऑफ द ईयर में खिलाड़ियों में से एक के रूप में नामित किया गया था। जुलाई 2018 में उन्होंने अपनी टीम के साथी और दक्षिण अफ्रीकी महिला क्रिकेट टीम की कप्तान डेन वैन नीकेर्क से शादी रचाई थी।

# पीएम मोदी की तरफ से पत्र पाकर गदगद हुई सानिया मिजा टेनिस स्टार ने आभार जताते हुए कही भावुक बात

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस स्टार प्लेयर सानिया मिजा दिल्ली कैपिटल्स की ऑलराउंडर मारिजाने कैप की घातक गेंदबाजी ने गुजरात जायंट्स के शीर्ष क्रम को तहस नहस कर दिया। कैप ने शुरुआती चार बल्लेबाजों को आउट करने के साथ ही पांच विकेट लिए, जो टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात को कैप ने पहले ओवर की दूसरी गेंद पर सलामी बल्लेबाज शबनेनी मेघाना को आउट कर बड़ा झटका



दिया। इसके बाद कैप ने अपने दूसरे ओवर में लौरा वोलवार्ट और एश्ले गार्डनर को आउट कर गुजरात को बैकफुट पर ला दिया। टीम पावरप्ले में पांच विकेट गंवा चुकी थी। कैप ने हरलीन देओल को चौथा और सुषमा वर्मा को पांचवां शिकार बनाया। उनके अलावा शिखा पांडे और राधा यादव ने एक-एक विकेट लिया। नेटबॉल और एथलेटिक्स की भी खिलाड़ी रह चुकी है साउथ अफ्रीका की ऑलराउंडर मारिजाने कैप ने साल 2009 में वर्ल्ड कप में डेब्यू किया था। उन्होंने साल 2013 में महिला विश्व कप के दौरान कटक में पाकिस्तान की ओर से नाबाद 102 रन की पारी खेली।

# बांग्लादेश ने किया कमाल, विश्व चैंपियन इंग्लैंड को हराकर सीरीज में 2-0 की बनाई बढ़त

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बांग्लादेश ने इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए टी-20 सीरीज में कमाल कर दिया। मेजबान टीम ने विश्व चैंपियन टीम को 2-0 से सीरीज में शिकस्त दे दी। ढाका में खेले गए टी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में बांग्लादेश ने इंग्लैंड को 4 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ तीन मौचों की टी-20 सीरीज में बांग्लादेश ने 2-0 की बढ़त बना ली है। रविवार को खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहली पारी में खेलते हुए इंग्लैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में सिर्फ 117 रन ही बना पाई। इंग्लैंड की बल्लेबाजी की बात करें तो बेन डकेट ने सबसे ज्यादा 28 रन बनाए। वहीं, फिलिप साल्ट ने 25 रन की पारी खेली। इस मैच में डेविड मलान सिर्फ 5 ही रन बना सके। बांग्लादेश की गेंदबाजी की बात करें तो मेहदी हसन मिराज ने केवल 12 रन खर्च किए और 4 विकेट चटकाए। शाकिब अल हसन, तस्कीन अहमद, हसन महमूद और मुस्तफिजुर रहमान को एक-एक विकेट मिला। 117 रन के आसान लक्ष्य को हासिल करते हुए बांग्लादेश की ओर से नजमुल हसन शांतो ने 46 रन की नाबाद पारी खेली। शांतो की शानदार पारी के बदौलत बांग्लादेश ने 18.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। बता दें कि बांग्लादेश की ओर से लिटन दास और रोनी तालुकदार 9-9 रन बनाए। वहीं, मेंहदी हसन मिर्जा ने 20 रन बनाए। बता दें कि विस्फोटक पारी खेली के लिए मेंहदी को प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया। इंग्लैंड की ओर से तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने तीन विकेट झटके। पहले टी20 मैच की बात करें तो पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 156 रन बनाए। इसके जवाब में बांग्लादेश ने 157 रन के लक्ष्य को 18 ओवर में हासिल कर लिया।



# आईपीएल २०२३ से पहले ऋषभ पंत ने दिया अपनी फिटनेस पर बड़ा अपडेट, एक्सीडेंट के बाद रखा पहला कदम

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत इस वक्त अपने रिकवर पीरियड पर चल रहे हैं। बता दें कि पंत पिछले साल 30 दिसंबर को कार एक्सीडेंट



में बुरी तरह चोटिल हो गए थे एक्सीडेंट के बाद पंत की सर्जरी भी सफल हुई और तब से उनका रोज तीन फिजियोथेरेपी सेशन चल रहे है। इस बीच हाल ही में पंत ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक स्टोरी शेयर की है, जिसमें उन्होंने अपनी फिटनेस पर बड़ा अपडेट दिया है दरअसल, टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक स्टोरी शेयर की है, जिसमें उन्होंने अपनी फिटनेस की अपडेट देते हुए कहा कि उन्होंने एक्सीडेंट के बाद पहली बार जमीन पर खुद के बल पर कदम रखा। इससे यह पता चल रहा है कि पंत धीरे-धीरे रिकवर हो रहे है। इस खबर से उनके सभी फैंस काफी खुश नजर आ रहे है। आईपीएल 2023 से पहले फैंस पंत को क्रिकेट मैदान पर देखने का इंतजार कर रहे है, लिहाजा ऐसा हो पाना संभव नहीं है पंत ने इससे पहले अपनी रोजना जिंदगी के बारे में बताया था। उन्होंने कहा था कि उन्हें एक्सीडेंट के बाद से खासकर हर दिन अपने दांतों को ब्रश करने और धूप में बैठने में खुशी मिलती है। उन्होंने साथ ही अपने शेड्यूल को बताते हुए कहा था।

# मुंबई इंडियंस ने लगाया जीत का चौका हरमनप्रीत कौर ने खेली तूफानी पारी

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस ने जीत का चौका लगा दिया है। यूपी वॉरियर्स के खिलाफ हरमनप्रीत कौर की ब्रिगेड



ने यूपी वॉरियर्स को 8 विकेट से मात दे दी है। यह मैच मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में यूपी वॉरियर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। यूपी की ओर से कप्तान अलिसा हीली ने 58 रन की शानदार पारी खेली। यूपी के ओर से हीली ने ही सबसे ज्यादा रन बनाए। वहीं, हिला मैक्ग्राथ ने भी अर्धशतकीय पारी खेली। गेंदबाजी की बात करें तो मुंबई की तरफ से साइका इशाक ने 3 विकेट झटके। 20 ओवर के बाद 6 विकेट गंवाकर यूपी की टीम ने 159 रन बनाए। वहीं, इसके जवाब में मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजों की ओर कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 36 गेंदों पर 58 रन की तूफानी पारी खेली। इसके अलाव नैटली सिवर-ब्रंट ने भी 45 रन बनाए। बता दें कि दोनों के बीच 100 रन की साझेदारी भी हुई। इस मैच को मुंबई ने 2 विकेट गंवाकर 17.3 ओवर में ही मुकाबला जीत लिया। इस मैच में धमाकेदार पारी खेलने के लिए हरमनप्रीत कौर को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। मैच खत्म होने के बाद उन्होंने कहा, 'मैं अपनी टीम के प्रदर्शन से काफ़ी खुश हूं, जिस तरह से हम एकजुट होकर खेल रहे हैं,वो टीम के लिए काफी अच्छा है। अब तक यह सबसे अच्छा टूर्नामेंट रहा है। दूसरी पारी में छह ओवरों के बाद गेंद टर्न करने लगी थी, मैं यह देखकर आश्चर्यचकित हो गई थी। नैट का शुक्रिया अदा करना चाहूंगी, उन्होंने काफ़ी अच्छा खेल दिखाया। वहीं यूपी की कप्तान अलिसा हीली ने कहा, 'मुझे लगता है कि हमने 15-20 रन कम बनाए। अंत में हमें एक सेट बल्लेबाज़ की दरकार थी। हम उतनी बाउंड्री निकाल पाए जितनी मुंबई के बल्लेबाज़ों ने निकाली। हमने भी गेंदबाज़ी के दौरान काफ़ी खराब गेंदें की जिस वजह से हमें ज़्यादा बाउंड्री खानी पड़ी।

# राशिफल







**मेष-:** आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आएगा. आपकी किसी मित्र के घर धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते है।

**वृष-:** आज का दिन व्यक्तिगत संबंधों में मजबूती लेकर आएगा. आपके अंदर कुछ एक्स्ट्रा एनर्जी रहने के कारण आप अपने संसाधनों के कामों पर भी ध्यान देंगे।

**मिथुन-:** आज का दिन आपके लिए वाणी व व्यवहार में मधुरता बनाए रखें, तभी आप कार्य क्षेत्र में लोगों से आसानी से काम निकाल पाएंगे।

**कर्क-:** आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है. आपकी करियर में कच्ची विरोध हो सकती है और आपको उन्नति करने का भी मौका मिलेगा।

**सिंह-:** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा. आपको अपने अनुभव का पूरा लाभ मिलेगा और प्रशासन के कार्य में आप तेजी बनाए रखें।

**कन्या-:** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपकी आध्यात्मिक विषयों के प्रति रुचि बढ़ेगी और आप कुछ धार्मिक गतिविधियों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

**तुला-:** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपका मान सम्मान बढ़ेगा और आप कुछ कामों में निसंकोच आगे बढ़ेंगे, जो आपके लिए समस्या दे सकते हैं।

**वृश्चिक-:** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है. आपको एक से अधिक स्त्रोतों से लाभ लाभ मिल सकता है और साझेदारी में काम करके आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**धनु-:** आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है, लेकिन यदि आपने किसी पर आंख मूंदकर भरोसा किया, तो वह आपको नुकसान दे सकता है।

**मकर-:** आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा. कार्यक्षेत्र में आपके कुछ शत्रु आपके ऊपर हावी होने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ-:** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। घर परिवार में आपकी सहजता बढ़ेगी. आपकी आज कोई मूल्यवान वस्तु चोरी हो सकती है, जिसके लिए आप सावधानी बरत।

**मीन-:** आज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा. आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में लगे रहेंगे और कोई कानूनी मामला आज आपके लिए समस्या बन सकता हैं।



# मुहम्मद अखलाक की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत कराची किंग्स ने 86 रन से जीता मुकाबला



**(आधुनिक मसाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान सुपर लीग 2023 का 30वां मैच रविवार को लाहौर कलंदर्स और कराची किंग्स की टीमों के बीच खेला गया। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में कराची किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कराची किंग्स की ओर से मोहम्मद अखलाक ने 36 गेंदों पर 51 रन की पारी खेली। वहीं, तैयब ताहिर ने 23 गेंदों पर 40 रन की पारी खेली। इसके अलावा कप्तान इमाद वसीम ने 45 रन की पारी खेली। गेंदबाजी की बात करें तो लाहौर कलंदर्स की ओर से जमान खान, हारिस राउफ और तलत ने 2-2 विकेट चटकाए। कराची किंग्स ने 20 ओवर में 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 196 रन बनाए। वहीं, इसके जवाब में लाहौर कलंदर्स की टीम महज की पारी 110 रन पर ही सिमट गई। वहीं, लाहौर कलंदर्स के बल्लेबाज इस मैच में ज्यादा कमाल नहीं कर सके। लाहौर कलंदर्स की ओर से सलामी बल्लेबाज फकर जमान ने 13 रन बनाए। वहीं, हुसैन तलत ने 23 रन की पारी खेली। 18.5 ओवरों में ही लाहौर कलंदर्स की टीम सिमट गई। गेंदबाजी की बात करें तो कराची की तरफ से इमाद वसीम, आकिफ जावेद और मोहम्मद उमार ने 2-2 विकेट हासिल किए। इस मैच के लिए मोहम्मद अखलाक को मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। इस मैच से पहले लाहौर कलंदर्स मौजूदा सीजन की सबसे सफल टीम है जिसने 9 में से 7 मैच जीते। जबकि कराची किंग्स का प्रदर्शन बेहद शर्मनाक रहा। अब्दुल्ला शफीक, फखर जमां, कामरान गुलाम, सैम बिलिंग्स (व्), हुसैन तलत, डेविड विसे (म्), शेन डैड्सवेल, राशिद खान, हारिस रऊफ, दिलबर हुसैन, जमान खान हैदर अली, मुहम्मद अखलाक (व्), तैय्यब ताहिर, कासिम अकरम, इमाद वसीम (म्), बेन कटिंग, इरफान खान, जेम्स फुलर, इमरान ताहिर, मोहम्मद उमर, आकिफ जावेद।

# सम्पादकीय

## ग्रामीण मांग में तेजी आने के साथ ही आर्थिकी को भी मिलेगा लाभ

पिछले दिनों एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसान सम्मान निधि योजना की तेरहवीं किस्त जारी की। इसके द्वारा आठ करोड़ से ज्यादा किसान परिवारों के खातों में कुल 16,800 करोड़ रुपये की नकद धनराशि हस्तांतरित की गई। वर्ष 2019 के आम चुनाव से पहले मोदी सरकार ने किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की शुरुआत की थी। इस सराहनीय योजना में किसान परिवारों की आर्थिक मदद के लिए तीन बराबर किस्तों में कुल 6,000 रुपये प्रति वर्ष डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर यानी डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरण करने का प्रविधान है। अब तक इस योजना के तहत लगभग 2.50 लाख करोड़ रुपये का हस्तांतरण पात्र किसानों के खातों में किया जा चुका है। इस योजना में जोड़ने से पहले लाभार्थी किसानों के आधार कार्ड, बैंक खातों, भूमि स्वामित्व अभिलेख और मोबाइल नंबर आदि के माध्यम से संपूर्ण सत्यापन किया जाता है। इस योजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें लाभार्थियों के बैंक खातों में बिना किसी बिचौलिये के इलेक्ट्रानिक माध्यम से एक बटन दबाकर सीधे धनराशि हस्तांतरित होती है। इससे एक तो इस धनराशि की बंदरबांट नहीं होती यानी 100 प्रतिशत राशि सीधे केवल पात्र किसानों को ही प्राप्त होती है और प्रशासनिक खर्चा भी कम होता है, जिससे सरकारी धन की बचत हो रही है। सारे देश के किसान मानते हैं कि मोदी सरकार की यह योजना उनके लिए अत्यंत लाभकारी है। किसानों के लिए यह राशि खाद, बीज, तेल आदि खरीदने, बच्चों की फीस, दवाई, सिंचाई एवं अन्य छोटे-मोटे खर्चों में बहुत कम आती है। आगामी वित्त वर्ष 2023-24 में इस योजना के लिए 60,000 करोड़ रुपये के बजट का आवंटन किया गया है। यह राशि पिछले वित्त वर्ष के संशोधित बजट अनुमान के बराबर ही है। इस योजना को शुरू हुए चार वर्षों से ज्यादा का समय बीत गया है, परंतु अभी तक इसके अंतर्गत मिलने वाली 6,000 रुपये की धनराशि में कोई वृद्धि नहीं की गई है। सरकार में बैठे अर्थशास्त्री भी इस बात से सहमत होंगे कि वर्ष 2019 से अब तक मुद्रास्फीति यानी महंगाई दर के कारण इस धनराशि के लगभग एक तिहाई मूल्य का ह्रास हो चुका है। यदि केवल महंगाई दर के आधार पर ही आकलन किया जाए तो आगामी वित्त वर्ष से इसमें मिलने वाली धनराशि को 6,000 रुपये से बढ़ाकर 8,000 रुपये किया जाना चाहिए था, परंतु पिछले चार वर्षों में फसलों की बढ़ती लागत का संपूर्ण आकलन करें तो आगामी वित्त वर्ष के बजट में इस योजना के अंतर्गत दी जाने वाली राशि को 6,000 रुपये से बढ़ाकर कम से कम 12,000 रुपये किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इससे राजकोष पर 60,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार तो पड़ेगा, परंतु इससे करोड़ों किसान परिवारों का भला अवश्य हो जाएगा। केंद्र सरकार ने आगामी वित्त वर्ष के लिए लगभग 45 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया है। अतः इस अतिरिक्त धनराशि का आवंटन एवं समायोजन करना बहुत कठिन भी नहीं है। भविष्य में भी इस योजना की धनराशि को मुद्रास्फीति की दर में कम से कम पांच प्रतिशत जोड़कर प्रत्येक वर्ष बढ़ाया जाए, ताकि इस योजना की राशि का आर्थिक मूल्य सम्मानजनक बना रहे। जो अर्थशास्त्री इस तर्क से सहमत न हों उन्हें यह याद दिलाना आवश्यक है कि वर्ष 2019 में घरेलू कंपनियों के आयकर यानी कारपोरेट टैक्स की दर को 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत करने से केंद्र सरकार पर लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपये का बोझ पड़ा था, जो हर साल बढ़ता जा रहा है। सरकार को आशा थी कि कारपोरेट टैक्स कम करने से कंपनियां निवेश बढ़ाएंगी, परंतु ऐसा नहीं हुआ। मांग के अभाव में जब अधिकांश उद्योग अपनी पूरी क्षमता पर उत्पादन न कर रहे हों तो नए उद्योगों में निवेश का कोई सवाल ही नहीं उठता। घरेलू मांग और उपभोग से ही हमारी जीडीपी का लगभग 60 प्रतिशत भाग आता है। अतः वैश्विक एवं अन्य कारणों से देश की मंद होती अर्थव्यवस्था में घरेलू मांग को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में धन का प्रवाह बढ़ाना होगा, जहां आज भी देश की 70 प्रतिशत आबादी बसती है। यदि प्रत्येक किसान परिवार को पीएम-किसान योजना में 12,000 रुपये सालाना मिलने लगें तो ग्रामीण क्षेत्रों में तुरंत क्रय-शक्ति बढ़ेगी और इस राशि को खर्च करने से देश की अर्थव्यवस्था में मांग बढ़ेगी। मांग बढ़ने से बिक्री, उत्पादन और अंततः रोजगार भी बढ़ेगा। धन के इस अतिरिक्त प्रवाह का अर्थव्यवस्था पर गुणक प्रभाव (मल्टीप्लायर इफेक्ट) भी पड़ेगा, जिससे आर्थिकी को गति मिलेगी।

## संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक्टिव मोड में पीएम

संसद के बजट सत्र का दूसरे चरण चल रहा है और आज फिर दोनों सदनों में राहुल से माफी की मांग को लेकर हंगामा जारी है। भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी से लंदन में भारत की छवि खराब करने को लेकर माफी की मांग की तो कांग्रेस ने अदाणी मुद्दे पर सरकार को घेरने

की कोशिश की। लोकसभा और राज्यसभा, दोनों में राहुल से माफी की मांग की गई। इस बीच लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही 2 बजे तक स्थगित कर दी गई है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए आज वरिष्ठ नेताओं संग बैठक की। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, पीयूष गोयल, नरेंद्र सिंह तोमर, किरेन रिजिजू, अनुराग ठाकुर और नितिन गडकरी सहित शीर्ष मंत्री इस बैठक में मौजूद रहे दो भारतीय फिल्मों को ऑस्कर मिलने पर राज्यसभा में बधाई दी गई है। राज्यसभा में जया बच्चन सहित विभिन्न नेताओं ने कहा कि भारतीय फिल्म जगत का नाम इससे रोशन हुआ है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने आज सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार खुद सदन नहीं चलाना चाहती। ऐसा नजारा कभी नहीं देखा कि सरकार के मंत्रियों ने सदन को ठप करने के लिए हंगामा किया हो। अधीर ने कहा कि राहुल गांधी आखिर माफी क्यों मांगेंगे उन्होंने कोई गुनाह किया है? माफी तो सरकार के लोगों को मांगनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सदन में हंगामे को लेकर कांग्रेस पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को रोना-धोना बंद कर देश से मांफी मांगनी चाहिए। ठाकुर ने कहा कि आज भारत एक ओर वैश्विक स्तर पर महाशक्ति के रूप में उभर रहा है और भारत 320 की अध्यक्षता कर रहा है। ये सभी चीजें भारत के बढ़ते कदम दिखाती है लेकिन दूसरी ओर राहुल गांधी विदेश में जाकर भारत को अपमानित करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं।

# विश्व आर्थिकी का केंद्र बनता भारत, वैश्विक अनिश्चितता के बीच देश की अहमियत बढ़ाता मजबूत आर्थिक प्रदर्शन

इन दिनों भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में प्रकाशित दो रिपोर्ट को गंभीरतापूर्वक पढ़ा जा रहा है। जहां संयुक्त राष्ट्र की 'विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं, 2023' रिपोर्ट में भारत को उद्योग-कारोबार और निवेश के मद्देनजर विश्व का आकर्षक स्थल बताया गया है, वहीं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) की रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की बढ़ी हुई अनिश्चितताओं के बीच भारत का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन दुनिया में इसकी अहमियत बढ़ा रहा है। की अर्थव्यवस्था चीन की अर्थव्यवस्था की तुलना में लगातार तेज गति से आगे बढ़ रही है। आइएमएफ के अनुसार इस वित्त वर्ष में चीन की अर्थव्यवस्था में करीब 3.3 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। आगामी वित्त वर्ष में उसकी वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत रह सकती है। भारतीय अर्थव्यवस्था चीन से होड़ लेने में इसलिए भी सफल दिखाई दे रही है, क्योंकि जहां कई वैश्विक कारक भारत के हित में हैं, वहीं चीन के सामने कई आर्थिक मुश्किलें हैं। इस समय चीन में युवा कामगारों भी मजबूती मिल रही है। हाल में माइक्रोसाफ्ट के सहसंस्थापक बिल गेट्स ने कहा कि इस समय दुनिया में रेखांकित हो रहा है कि भारत बौद्धिक संपदा, शोध एवं नवाचार की डगर पर तेजी से आगे बढ़कर विभिन्न क्षेत्रों में विकास कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक संपदा (आइपी) सूचकांक, 2023 में बौद्धिक संपदा आधारित नवाचार के मामले में भारत को दुनिया की 55 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में 42वें स्थान पर चिह्नित किया गया है। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत का आकार और पर पहुंच गया, जबकि वर्ष 2021 में इस इंडेक्स में भारत 46वें पायदान पर था। 2015 में ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भारत 81वें स्थान पर था। बौद्धिक संपदा, शोध एवं नवाचार के आधार पर भारत निवेश हासिल करने के मामले में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इससे भारत में इंटरनेट आफ थिंग्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डाटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में बने शोध एवं विकास और स्टार्टअप माहौल के चलते ख्याति प्राप्त वैश्विक कंपनियां अपने कदम तेजी से आगे बढ़ा रही हैं। अरब डालर था, वह चालू वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 750 अरब डालर हो सकता है। आज भारत सबसे तेज डिजिटलीकरण वाला देश है। इसके साथ ही आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर को प्रोत्साहन देने के लिए पिछले दो वर्ष में केंद्र सरकार ने पीएलआइ स्कीम के तहत 14 उद्योगों को करीब दो लाख करोड़ रुपये आवंटन सुनिश्चित किया है। इसके परिणाम आने लगे हैं। अब देश के कुछ उत्पादक चीन से आयात की जाने वाली दवाई, अब 35 से अधिक देशों ने रुपये में व्यापार करने में रुचि दिखाई है। इससे भारत को कई मोर्चों पर लाभ मिलेगा। यद्यपि विश्व में भारत सबसे आकर्षक अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में उभर रहा है, लेकिन अभी वैश्विक सुस्ती के कारण निर्यात बढ़ाने और व्यापार घाटे की चुनौती को कम करने के लिए कुछ रणनीतिक कदम उठाए जाने की जरूरत बनी हुई है। इसके लिए हमें नई लाजिस्टिक नीति और गति शक्ति योजना को तेजी से आगे बढ़ाकर देश की अर्थव्यवस्था को

निर्यात प्रधान अर्थव्यवस्था बनाना होगा। दुनिया के विभिन्न देशों के साथ शीघ्रतापूर्वक मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को आकार देना होगा। शोध एवं नवाचार पर सकल घरेलू उत्पाद का दो प्रतिशत तक व्यय बढ़ाना होगा। तभी 'चीन प्लस वन' की जरूरत के मद्देनजर भारत दुनिया का नया आपूर्ति केंद्र तथा मैन्यूफैक्चरिंग हब बन सकेगा ।

2023 में कुल वैश्विक विकास में भारत 15 प्रतिशत से भी अधिक का योगदान देगा। जहां चालू वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की विकास दर दुनिया में सबसे अधिक करीब 6.8 प्रतिशत होगी, वहीं आगामी वित्त वर्ष 2023-24 में भी भारत की विकास दर 6.1 प्रतिशत के साथ फिर दुनिया में सर्वोच्च होगी। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि भारत का अभाव है। उसकी अचल संपत्ति गिरावट के दौर में है। वहां विनिर्माण और वित्त की समस्या है। चीन के प्रति वैश्विक नकारात्मकता और अमेरिका के साथ व्यापार संबंधों में कड़वाहट का भी उसकी अर्थव्यवस्था पर असर पड़ रहा है। जैसे-जैसे भारत बौद्धिक संपदा, शोध एवं नवाचार में आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे हमारी आर्थिकी को आर्थिक प्रभाव वैश्विक पटल पर बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में भारत आइपी-प्रेरित नवाचारों की मदद से अपनी आर्थिकी का कायाकल्प करने की मंशा रखने वाली तमाम उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक अग्रणी देश बन सकता है। इसी तरह ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स, 2022 में भारत शोध एवं नवाचार की डगर पर छलांग लगाते हुए 40वें स्थान पिछले आठ वर्षों में 160 से अधिक देशों की कंपनियों ने भारत में अर्थव्यवस्था के 61 क्षेत्रों में निवेश किया है। वित्त वर्ष 2021-22 में भारत को रिकार्ड स्तर पर 84 अरब डालर का विदेशी निवेश मिला था। वैश्विक निर्यात चुनौतियों के बीच भारत से निर्यात भी बढ़ रहा है। वर्ष 2021-22 में उत्पाद एवं सेवा निर्यात का जो मूल्य करीब 676 रसायन और अन्य कच्चे माल का विकल्प बनाने में सफल हुए हैं। यह भी भारत की बढ़ती हुई वैश्विक आर्थिक साख की सफलता है कि रिजर्व बैंक ने गत वर्ष डालर पर निर्भरता कम करने के लिए विदेशी व्यापार का लेन-देन रुपये में करने का प्रस्ताव दिया था। मारीशस और श्रीलंका द्वारा भारतीय रुपये में विदेशी व्यापार शुरू करने के बाद

# नए युग में भारत-आस्ट्रेलिया संबंध, दोनों देश हिंद प्रशांत के सामरिक ढांचे का कायाकल्प करने में सक्षम

आस्ट्रेलिया अपनी विदेश नीति को बड़ी तत्परता के साथ नए सिरे से गढ़ने में लगा है। एंथनी अलबनीज की सरकार चीन के साथ रिश्तों में नरमी लाने की दिशा में काम कर रही है, जिसके साथ कैनबरा के संबंध हाल के वर्षों में काफी को इस संदर्भ में भी देखा जाना चाहिए। क्वाड के सदस्य दो देशों के साथ कैनबरा की बढ़ती साझेदारी को चीन सहजता से नहीं ले पाएगा। उल्लेखनीय है कि अलबनीज के अमेरिकी दौरे पर आस्ट्रेलिया के लिए परमाणु पनडुब्बी की आपूर्ति और रूस के बाद परमाणु पनडुब्बी की क्षमताओं से लैस सातवां देश बन जाएगा। हालांकि, यह मामला परमाणु पनडुब्बियों से कहीं बढ़कर तीन पारंपरिक सामरिक साझेदारों के बीच मजबूत होते रिश्तों का है, जिन्हें अपने समक्ष उत्पन्न हो रही दोनों देशों को अपने संबंधों की वास्तविक संभावनाओं का आभास हुआ। भारत में अलबनीज ने न केवल व्यापार, सुरक्षा, सामरिक और शैक्षणिक विषयों पर चर्चा की, बल्कि होली खेलने के साथ ही क्रिकेट का लुत्फ भी उठाया, जो दर्शाता है निवेश के लिए प्रोत्साहित कर रहा है, वहीं आस्ट्रेलियाई सरकार की मंशा है कि उनकी कंपनियां चीन से इतर निवेश की राह पर बढ़ें। चूंकि भारत कार्बन उत्सर्जन को घटाकर हरित ऊर्जा की दिशा में अग्रसर हो रहा है तो इसमें महत्वपूर्ण हो गई है। आस्ट्रेलिया में भारतवंशी आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से प्रभावशाली होते जा रहे हैं। वहीं भारतीय मध्य वर्ग में आस्ट्रेलियाई शिक्षा तंत्र के प्रति आकर्षण भी निरंतर बढ़ने पर है। अध्ययन के लिए भारतीय छात्र बड़ी संख्या में आस्ट्रेलिया के विभिन्न शहरों का रुख कर रहे हैं तो कई आस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालय भारत सरकार के नए नियमों का लाभ उठाने के उद्देश्य से देश में ही अपने परिसर स्थापित करने की तैयारी कर रहे हैं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समान विचार वाले देशों का बढ़ता रक्षा एवं सामरिक सहयोग इससे भी महत्वपूर्ण पहलू है। वर्ष 2007 में जहां आस्ट्रेलिया और भारत को लेकर ही क्वाड का मामला अधर में अटका था, वही दोनों देश अब इस समूह को नई धार दे रहे हैं। इसी कड़ी में आस्ट्रेलिया पहली बार मालाबार सैन्य अभ्यास की मेजबानी करने जा रहा है। भारत भी अमेरिका, आस्ट्रेलिया और अन्य साझेदार देशों के साथ तालिसमान सेबर अभ्यास में शामिल होगा। भारत और आस्ट्रेलिया के नौसैन्य अभ्यास अब आम हो गए हैं। अलबनीज की यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों में एक परिपक्वता के संकेत भी मिले हैं कि मुश्किल और असहज मुद्दों पर भी सार्वजनिक रूप से सहज चर्चा हो सकती है। आस्ट्रेलिया में हिंदू मंदिरों पर हमलों की घटना को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चिंता पर अलबनीज ने कहा कि ऐसी हरकतें बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएंगी और ऐसा करने वालों से कानून कड़ाई से निपटेगा। जब आस्ट्रेलिया अपनी विदेश और सामरिक नीतियों को तेजी से नए तेवर दे रहा है तो भारत इससे सृजित हो रहे व्यापक अवसरों का लाभ उठा सकता है। आस्ट्रेलिया ने यह कहकर अपनी मंशा भी स्पष्ट कर दी है कि भारत हिंद-प्रशांत और उससे इतर भी आस्ट्रेलियाई रणनीति के मूल में है तो स्पष्ट है कि द्विपक्षीय संबंधों में नई संभावनाओं के द्वार खुल रहे हैं। इस साझेदारी में हिंद-प्रशांत के सामरिक ढांचे का कायाकल्प करने का दमखम है।

बिगड़े हैं। चीन की आक्रामक व्यापार नीति और उस पर आस्ट्रेलिया के जबरदस्त पलटवार ने संबंधों में कड़वाहट घोल दी, जिसे दूर करने के लिए आस्ट्रेलिया के वाणिज्य मंत्री ने गत माह अपने चीनी समकक्ष के साथ वर्चुअल वार्ता की। आस्ट्रेलिया ने भले ही चीन के साथ संबंधों को सामान्य बनाने के संकेत दिए हैं, लेकिन अपनी विदेश नीति के माध्यम से यह भी स्पष्ट किया है कि इसमें उसके हित ही सर्वोपरि होंगे। आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री अलबनीज की गत सप्ताह भारत और इस सप्ताह अमेरिकी यात्रा पर अंतिम मुहर लग सकती है। इस सौदे की राह उसके लिए 2021 में आकस समझौते से खुली थी। आस्ट्रेलिया यूएस वर्जीनिया-क्लास पनडुब्बी खरीद रहा है। उसकी तीन से पांच ऐसी पनडुब्बी खरीदने की योजना है। आकस के साथियों अमेरिका और ब्रिटेन के साथ एडिलेड में उसकी साझा डिजाइन की भी तैयारी है। कैनबरा को परमाणु पनडुब्बी क्षमताएं बहुत तेजी से मिलने जा रही हैं। इससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सामरिक स्थायित्व आएगा। इसके साथ ही आस्ट्रेलिया-अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, भारत चुनौतियों का प्रभावी रूप से मुकाबला करने के लिए खुफिया और हाई-टेक सहयोग को तत्काल बढ़ाने की आवश्यकता है। कुछ हलकों में आरंभिक हिचक के बाद आस्ट्रेलियाई राजनीतिक बिरादरी इस अहम साझेदारी के लिए आगे आई है। यही बात भारत-आस्ट्रेलिया संबंधों के बारे में भी कही जा सकती है, जिसके लिए दलगत भावना से परे जोरदार भावनाएं उभार ले रही हैं, जबकि कई वर्षों से यह साझेदारी अपेक्षित रफ्तार से आगे नहीं बढ़ पा रही थी। गत सप्ताह अलबनीज के दौरे में यह अनुभूति हुई कि अंततः कि दोनों देशों के बीच रिश्ते कितने व्यापक एवं गहरे हो गए हैं। गत वर्ष आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौते पर बनी सहमति से व्यापार के मोर्चे पर महत्वाकांक्षाएं कहीं अधिक बढ़ गई हैं। इस समझौते से आस्ट्रेलिया से भारत को होने वाले 85 प्रतिशत निर्यात पर शुल्क खत्म हो गया। दोनों देश व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर करने को लेकर भी प्रतिबद्ध हैं। अलबनीज ने कहा कि इस साल के अंत तक इसे मूर्त रूप देने का लक्ष्य रखा गया है। जहां भारत आस्ट्रेलियाई कंपनियों को आस्ट्रेलिया के साथ सहयोग के लिए सौर ऊर्जा और हाइड्रोजन जैसे अक्षय ऊर्जा विकल्पों पर बात आगे बढ़ी है। सोलर पीवी और आपूर्ति श्रृंखला को गति देने के लिए आस्ट्रेलिया-भारत सोलर टास्कफोर्स जैसी संकल्पना सुनने को मिली। प्रमुख खनिजों के मामले में भारत की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए लीथियम और कोबाल्ट जैसे महत्वपूर्ण खनिजों की निर्बाध आपूर्ति को लेकर भी दोनों देश काम कर रहे हैं। भारत और आस्ट्रेलिया के संबंधों को आकार देने में दोनों देशों के लोगों के बीच सक्रियता

## संक्षिप्त समाचार

### इमरान को आज गिरफ्तार कर सकती है इस्लामाबाद पुलिस

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम और तहरीक-ए-इंसाफ (इ्ऊघ्) के अध्यक्ष इमरान खान को आज पुलिस गिरफ्तार कर सकती है। दरअसल, इमरान खान को गिरफ्तार करने वेत्र लिए इस्लामाबाद की अदालतों द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। सूत्रों ने कहा कि इस्लामाबाद पुलिस पूर्व प्रधानमंत्री को गिरफ्तार करने के लिए अगले 24 घंटों में एक्शन ले



सकती है। एक दिन पहले ही इस्लामाबाद की एक सत्र अदालत ने महिला न्यायाधीश को धमकी देने के मामले में इमरान खान के खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, 20 अगस्त को एफ-9 पार्क में एक रैली में उन्होंने महिला जज और अन्य अधिकारियों को धमकी दी थी, जिसके बाद उन पर मामला दर्ज किया गया। इससे पहले पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (इ्ऊघ्) के अध्यक्ष इमरान खान ने 19 मार्च को लाहौर में मीनार-ए-पाकिस्तान में एक ऐतिहासिक सार्वजनिक सभा आयोजित करने की घोषणा की है। जियो न्यूज ने बताया यह रैली उनके चुनावी अभियान का हिस्सा है। इमरान खान ने लोगों से रैली में पहुंचने का आग्राह किया और कहा कि हम सभी को मिलकर संघर्ष करना होगा।

# महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू जी के अभिभाषण के दूसरे दिन पर सांसद डॉ महेश शर्मा, विधायक पंकज सिंह सहित सभी अधिकारियों ने करी शक्ति केंद्रों में संगोष्ठी

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**नोएडा।** महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू जी के अभिभाषण पर संगोष्ठी की श्रृंखला के दूसरे दिन माननीय सांसद डॉक्टर महेश शर्मा कृष्णा नगर मण्डल के शक्ति केन्द्र कनावनी (अनंत रॉयल गार्डन पुस्ता रोड) पर मुख्य अथिति के रूप में रहे। इसके साथ पंडित दीन दयाल उपाध्याय में सेक्टर 20 स्थित तब आजादी के अमृत काल की इस प्रथम बेला को एक अलग आस्था के साथ देखा जाएगा इसलिए आज अमृत काल का यह समय, यह कालखंड बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। मोदी सरकार को देश के लोगों ने जब पहली बार सेवा का अवसर दिया तब सबका साथ सबका विकास के मंत्र से हमने शुरुआत की थी समय के साथ इसमें वाली सरकार है। आगे बोलते हुए डॉ महेश शर्मा ने कहा बीते वर्षों में भ्रष्टाचार मुक्त इकोसिस्टम बनाने की दिशा में, बेनाम संपत्ति अधिनियम को नोटिफाई किया गया आर्थिक अपराध कर फरार हुए अपराधियों की संपत्ति जप्त करने के लिए पॉजिटिव इकोनामिक ऑफेंडर्स एक्ट पारित किया गया। आज सरकारी कामों में टेंडर और भाव के साथ वंचित वर्गों और अविकसित क्षेत्रों के विकास में मोदी सरकार ने पूर्ण बल दिया है एक तरफ हम आदि शंकराचार्य भगवान बसवेश्वर तिरुवल्लुवर गुरु नानक देव जैसे संतों के दिखाए रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं वहीं दूसरी तरफ आज भारत हाईटेक नॉलेज का हक बनता जा रहा है । इस वर्ष भारत उ 20 जैसे प्रभावी समूह का नेतृत्व



सामुदायिक केंद्र पर विधायक पंकज सिंह रहे। शहीद भगत सिंह मंडल के गांव हलद्वानी में मुख्य अतिथि महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती सुषमा और अट्टल बिहारी वाजपेयी मण्डल में मुख अथिति के रूप में गोपाल कृष्ण अग्रवाल राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा रहे। डॉक्टर महेश शर्मा ने कहा अमृत काल के इस कालखंड पर हमारे सामने युग निर्माण का अवसर है और हमें इस अवसर के लिए शत प्रतिशत सामर्थ्य के साथ हर समय कार्य करना है, हमें ऐसा भारत की का निर्माण करना है जिसकी युवा शक्ति और नारी शक्ति समाज और राष्ट्र को दिशा देने के लिए सबसे आगे खड़ी हो, जिसके युवा समय से दो कदम आगे चलते हैं। 2047 में देश जब इस सच्चाई को जीवंत करेगा तो निश्चित रूप से उस भव्य निर्माण की नींद का अवलोकन और आकलन भी करेगा ङ्कसबका विकासङ्ग ङ्कसबका विश्वासङ्ग और ङ्कसब का प्रयासङ्ग भी जुड़ गया, यही मंत्र आज विकसित भारत के निर्माण की प्रेरणा बन चुका है। विकास के इस कर्तव्य पथ पर चलने पर मोदी सरकार को 9 वर्ष पूरे हो जाएंगे जिस मूल सुविधाओं के लिए देश की एक बड़ी आबादी ने दशकों तक इंतजार किया वह इस इन वर्षों में उन्हें मिली है। जिस आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर कि हम सभी कामना करते थे इन वर्षों में देश में बनना शुरू हुआ है, आज भारत में अभूतपूर्व स्पीड और स्केल पर काम करने वाली सरकार है। भारत में इनोवेशन और टेक्नोलॉजी के माध्यम से जनकल्याण को सर्वोपरि रखने वाली सरकार है भारत में महिलाओं के सामने हर बाधा को दूर करने वाली सरकार है साथ ही भारत में प्रति के साथ ही प्रकृति का भी संरक्षण करने खरीद के लिए गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (उ्शि्) जैसी व्यवस्थाएं हैं जिससे अब तक तीन लाख करोड़ रुपए से अधिक का ट्रांजैक्शन हुआ है। विधायक पंकज सिंह ने भी अभिभाषण में कहा कि बीते वर्षो में सरकार ने साढ़े तीन करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को पक्का घर बना कर दिया है जिसे उनमें आत्मविश्वास आया है, आज सरकार की हर योजना में शत-प्रतिशर्त्ङ्गदह के साथ ही अंतोदय के प्रति भी पूरी निष्ठा से काम कर रही है। मोदी सरकार ने हर समाज की इच्छाओं को पूरा किया है जो सदियों से वंचित रहा है गरीब दलित पिछड़े आदिवासी इन इच्छाओं को पूरी इनकी इच्छाओं को पूरा कर उन्हें सपने देने का साहस दिया है कोई भी काम और कोई भी प्रयास छोटा नहीं होता बल्कि विकास में सभी की अपनी भूमिका है इसी कर रहा है, वन अर्थ वन फैमिली वन फ्यूचर के मंत्र के साथ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि सरकार की पूरी कोशिश है कि जी-20 के सदस्य देश के साथ मिलकर मौजूदा वैश्विक चुनौतियों का सामूहिक समाधान तलाश तलाश आ जाए। इस गोष्ठियों में ज़िलाध्यक्ष मनोज गुप्ता, उमेश त्यागी, चंदगिराम यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, श्रीमती गिरिजा सिंह, धंरमेंद्र गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष बबलू यादव, लोकेश कश्यप, गौतम शर्मा, हर्ष चतुर्वेदी, ओमवीर अवाना रामपाल भाटी, विपिन चौधरी, विनय गुप्ता, दिनेश सैनी, अनिल पेशावारिया, संजय शर्मा, महेंद्र कटारिया, शायनी, प्रमोद शुक्ला, विनोद रावत, शशिधर उपाध्याय, आशिश चौहान, वीरेंद्र तोमर, अजय सक्सेना, ममता सिंह, निर्मल झा, प्रमोद बघेल, आदि लोग मौजूद रहे।

# वेंडर्स को हटाने के बजाय उन्हें व्यवस्थित करने का अभियान चलाए नोएडा प्राधिकरण- गंगेश्वर दत्त शर्मा

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**नोएडा।** प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी के निर्देश पर वर्क सर्किल के अधिकारी/कर्मचारी शहर में माइक से प्रचार गौतम बुध नगर के महामंत्री व सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कड़ी निंदा करते हुए प्राधिकरण से उक्त अभियान को बंद कर वेंडर्स को व्यवस्थित करने के लिए अभियान भी हो गया है उन्हें ड्रा करके लाइसेंस नहीं दिया जा रहा है तो इसमें वेंडर्स की क्या गलती है साथ ही उन्होंने बताया कि उक्त मसले को लेकर सोमवार 13 मार्च 2023



कर रहे हैं कि वेंडिंग जोन में सिर्फ लाइसेंस प्राप्त वेंडर ही बैठेंगे जिन वेंडर्स के पास लाइसेंस नहीं है उन्हें वेंडिंग जोन या अपने मौजूदा कार्यस्थल से हटने की चेतावनी दी जा रही है, चेतावनी नहीं मानने पर उनका सामान रेहड़ी सब कुछ जब कर लिया जाएगा की धमकी दी जा रही है। तथा उन्हें जबरन हटाने का प्रयास किया जा रहा है। प्राधिकरण के उक्त अभियान की पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन चलाने की अपील किया। साथ ही उन्होंने कहा कि वेंडर्स को रोजगार करने से रोकना पथ विक्रेता अधिनियम का खुला उल्लंघन है। साथ ही हमारे आंदोलन के दौरान बनी सहमतियों का भी उल्लंघन है। वेंडर्स का सत्यापन कर उन्हें लाइसेंस देना प्राधिकरण की प्राथमिक जिम्मेदारी थी लेकिन प्राधिकरण ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह नहीं किया। जिन वेंडर्स के आवेदन फार्म जमा हैं तथा सत्यापन को दोपहर 12:00 बजे पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन सम्बद्ध सीटू का प्रतिनिधिमंडल नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से मुलाकात करेगा। उन्होंने पथ विक्रेताओं से भी अपील किया कि जो भी पथ विक्रेता साथी प्रतिनिधिमंडल वेत्र साथ आना चाहता है सोमवार 13 मार्च 2023 को दोपहर 12:00 बजे से पहले नोएडा प्राधिकरण कार्यालय सेक्टर- 6 पर पहुंच जाएं।

# पूर्व मंत्री जीतू पटवारी विधायक कुणाल पहुँचे प्रदेश सचिव छोटू शर्मा व लल्ला के निवास

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**मैहर।** पूर्व मंत्री राऊ के विधायक जीतू पटवारी , पुर्व युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कालापीपल के विधायक कुणाल चौधरी रेवांचल एक्सप्रेस से सुबह 5 बजे मैहर रेलवे स्टेशन पहुँचे जहाँ पर युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव बृजेन्द्र शर्मा (छोटू) व युवा कांग्रेस मैहर विधानसभा अध्यक्ष सौरभ शर्मा (लल्ला) के नेतृत्व में सैकड़ो युवा साथियों द्वारा सुबह 5 लल्ला शर्मा के परिवार का उनके सभी साथियों का आभार किया । उसके बाद प्रदेश सचिव श्री शर्मा के निवास पर ही जीतू पटवारी व कुणाल चौधरी मीडिया से भी लंबी चर्चा कर सरकार पर निशाना साधा । स्टेशन से लेकर प्रदेश सचिव छोटू शर्मा विधानसभा अध्यक्ष लल्ला के निवास तक पटवारी , चौधरी का जगव्ह जगह युवाओं द्वारा स्वागत किया गया । जिसमे द्विवेदी , कृष्णा कछवाहा , सद्दाम खान , अभिषेक सिंह ठाकुर , विक्की पटेल , नीतीश चौरासिया , अमन तिवारी , यश शुक्ला , शहर उपाध्यक्ष सरद हरिजन , महासचिव हर्ष लालवानी , महासचिव विकास साहू , अमन कुशवाहा , सचिव भाई अमित लोधी , महासचिव अभिषेक लोधी , सचिव अभिषेक चौधरी , निखिल कुशवाहा , आयुष दहिया , पवन सिंह , अमर पटेल , अंकित द्विवेदी ,



बजे बड़ी तादात में भव्य स्वागत किया । इसके बाद श्री पटवारी व श्री चौधरी माँ शारदा के दर्शन किये तत्पश्चात पूर्व मंत्री जीतू पटवारी व विधायक कुणाल चौधरी युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव बृजेन्द्र शर्मा (छोटू) व युवा कांग्रेस मैहर के निर्वाचित विधानसभा अध्यक्ष सौरभ शर्मा (लल्ला) के निज निवास ज्ञान कॉलोनी उनके घर पहुँचकर उनका व उनके परिवारजनों उनके साथी समर्थकों का हाल जाना साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अहम चर्चा भी की , जहाँ प्रदेश सचिव छोटू शर्मा के पिता जी के द्वारा दोनों नेताओं का स्वागत किया गया , दोनों नेताओं ने प्रदेश सचिव छोटू शर्मा व विधानसभा अध्यक्ष मुख्य रुप से पुर्व सरपंच राम सिंह बुंदेला , युकां जिला महासचिव विपिन सिंह बघेल , जिला प्रवक्ता नवनीत श्रीवास्तव , युवा सरपंच बड़े ललित तिवारी , विधानसभा उपाध्यक्ष आनंद मिश्रा , मोनीष अली , बदेरा युकां अध्यक्ष मिंटू सिंह , महासचिव राजेन्द्र खरे , महासचिव नागेंद्र सिंह , अमदरा युकां अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता , उपाध्यक्ष संजय शिवहरे , विनय पांडेय , युवा उपसरपंच दुर्गेश पटेल , शानू खान , शहर अध्यक्ष लवकुश त्रिपाठी , महासचिव आदर्श पूरी गोस्वामी , शुभम त्रिपाठी , महासचिव धर्मेंद्र सिंह , महासचिव अनस खान , राज गुप्ता , कान्हा चौरासिया , महासचिव आयुष पटेल , अंशुल अनिरुद्ध त्रिपाठी , रवि पटेल , अमन सिंह , भाई प्रिंस तिवारी , आलोक तिवारी , अंकित द्विवेदी , आर्यन पटेल , हिमांशु गुप्ता , देवेंद्र सेन , मोंटी गुप्ता , राहुल पटेल , बेटू पटेल , बृज यादव , अमन सिंह परिहार , दादू नगर , धीर्घायु द्विवेदी शिब्बू , हिमांशु दुबे , अमन देवान , जीतू द्विवेदी , कारण कुशवाहा , राजेन्द्र सेन , सागर पाल , ऐके रावत , आकाश चौधरी , शुभम मामा , सचिन पटेल , रोहित विश्वकर्मा , सचिन साहू , अब्दुल वाजिद , राहुल भाई , गब्बू भाई , यश त्रिपाठी , अभिषेक द्विवेदी , महासचिव रवि वर्मा , सचिव राहुल ओझा , शिवम कुशवाहा , सागर पाल सहित सैकड़ों युवा साथी व छोटू शर्मा के समर्थक उपस्थित रहे ।

# जॉर्डन किंग की सबसे बड़ी बेटी राजकुमारी इमान ने रचाई शादी, जानें कौन हैं इस खूबसूरत प्रिसेंज का प्रिंस

**अम्मान।** जॉर्डन की राजकुमारी ईमान ने जमील अलेक्जेंडर थर्मियोटिस के साथ शादी रचा ली है। यह शादी अम्मान के शाही महल में आयोजित की गई थी। इस समारोह में चुनिंदा मेहमानों को ही बुलाया गया था। राजकुमारी ईमान अपनी खूबसूरती के लिए पूरी दुनिया में मशहूर हैं। ऐसे में उनके शौहर के बारे में हर कोई जानना चाहता है जॉर्डन की क्वीन ने जो तस्वीर शेयर की है, उसमें देखा जा सकता है कि वो अपनी बेटी की बेल्ट को सही कर रही हैं। यह बेल्ट गोल्डन कलर का नजर आ रहा है। तस्वीर में देखा जा सकता है कि खुद रानी ने बेहद साधारण पोशाक पहन रखा है। इस ड्रेस में प्रिंसेस इमान बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। फोटो को पोस्ट करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा है कि आज रात इमान की मेंहदी पार्टी से पहले फिनिशिंग टच. बताते चलें कि प्रिंसेस इमान और उनके मंगेतर जमील अलेक्जेंडर थर्मियोटिस 12 मार्च को शादी रचाएंगे। प्रिंसेस ईमान के शौहर का नाम जमील अलेक्जेंडर थर्मियोटिस है जो न्यूयॉर्क में फाइनेंसर हैं। जमील का जन्म वेनेजुएला के कराकस में हुआ था। 28 साल के जमील बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन से ग्रेजुएट हैं और वे ग्रीक फैमिली से आते हैं। जमील अभी बिग एपल में वेंचर कैपिटल फंड में बतौर मैनेजिंग पार्टनर के रूप में काम करते हैं। राजकुमारी ईमान का पूरा नाम ईमान बिंत अब्दुल्ला है। उनका जन्म 27 सितंबर 1996 को जॉर्डन की राजधानी अम्मान में हुआ था। ईमान के तीन भाई-बहन हैं। भाई क्राउन प्रिंस हुसैन, प्रिंस हाशेम और बहन राजकुमारी सलमा है।







# हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन को घेरेंगे अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन; परमाणु पनडुब्बी को लेकर हुई बड़ी डील

**वाशिंगटन।** हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक रवैये को देखते हुए अमेरिका ने उसपर लगाम लगाने का प्लान बना लिया है। चीन को तीन-तरफा घेरने के लिए अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन ने परमाणु-संचालित पनडुब्बी को लेकर एक बड़े सौदे की घोषणा की है। यह घोषणा तीनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने सैन डिएगो में एक शिखर बैठक में भाग लेने के बाद की है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने सैन डिएगो में ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस और ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ इस डील पर हस्ताक्षर करते हुए कहा कि हम ऑस्ट्रेलिया को मजबूत बनाएंगे और डील के तहत ऑस्ट्रेलियाई कर्मचारियों को बुलाकर ट्रेनिंग देंगे। तीनों नेताओं ने डील के बाद कहा कि ये फैसला केवल हिंद-प्रशांत क्षेत्र को ठमुक्त और खुलाठ रखने के लिए है। डील पर बनी सहमति हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ड्रैगन का दबदबा कम करने के लिए ऑस्ट्रेलिया कई परमाणु-संचालित पनडुब्बी अमेरिका से खरीदेगा। इसी के सार्थ्ङ्कळख्ळए डील के तहत ऑस्ट्रेलिया ब्रिटेन के साथ पनडुब्बियां बनाएगा जो नई तकनीक के साथ विकसित होगी। डील के तहत 2030 के दशक की शुरुआत में, अमेरिका 50 अरब डॉलर की कीमत पर तीन वर्जीनिया-श्रेणी की पनडुब्बियों को ऑस्ट्रेलिया को बेच देगा। यदि आवश्यक हुई तो ऑस्ट्रेलिया 58 अरब डॉलर देकर दो और पनडुब्बियां खरीद सकता है।चीन को टक्कर देने योग्य बनाने के लिए ऑस्ट्रेलिया को अमेरिका और यूकेर्ङ्कळख्ळए डील के तहत सुरक्षा कवच देगा। इसके तहत तीनों देश खुफिया जानकारी भी साझा करेंगे। परमाणु-संचालित पनडुब्बियां मिलने वेत्र बाद ऑस्ट्रेलिया हिंद-महासागर और दक्षिण चीन सागर पर ताकतवर हो जाएगा। ब्रिटेन देगा सहायता डील के तहत ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन एक अलग प्रकार की पनडुब्बियां भी बनाएंगे। के नाम वाली इन पनडुब्बियां दोनों देशों की नौसेना में शामिल होगी। यह पनडुब्बियां यूएस की तकनीक और ब्रिटेन के डिजाइन पर आधारित होगी, जिसमें न्यूक्लियर रिएक्टर और हथियार प्रणाली की क्षमता होगी।

# जल्द हटाने जा रहा यह बड़ी पाबंदी, 2020 के बाद पहली बार विदेशियों के लिए जारी करेगा सभी प्रकार के वीजा

**बीजिंग।** चीन ने कहा कि वह



बुधवार से विदेशियों को वीजा की सभी श्रेणियों को फिर से जारी करना शुरू कर देगा। तीन साल पहले कोविड -19 के प्रसार से बचाव के लिए लगाए गए प्रतिबंध को हटा देगा। चीन ने सोमवार को अमेरिका के वाशिंगटन में स्थित अपने देश के दूतावास से यह घोषणा की। दूतावास के नोटिस में कहा गया है कि अब नए यात्रा दस्तावेजों की समीक्षा और अनुमोदन की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके अलावा, 28 मार्च, 2020 से पहले जारी किए गए वैध वीजा धारकों को एक बार फिर चीन में प्रवेश की अनुमति देंगे। पर्यटकों के लिए खुलेगा हैनान का दक्षिणी द्वीप विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि चीन में जिन क्षेत्रों में महामारी से पहले वीजा की आवश्यकता नहीं थी, वे वीजा मुक्त प्रवेश पर वापस आ जाएंगे। इसमें हैनान का दक्षिणी पर्यटक द्वीप और शंघाई बंदरगाह से गुजरने वाले क्रूज जहाज शामिल होंगे। हांगकांग और मकाऊ से विदेशियों के लिए ग्वांगडोंग के दक्षिणी विनिर्माण केंद्र में वीज़ा-मुक्त प्रवेश भी फिर से शुरू किया जाएगा। मंत्रालय ने यह भी कहा कि 28 मार्च, 2020 से पहले जारी किए गए वीजा रखने वाले विदेशी भी चीन में प्रवेश कर सकेंगे।

# आखिर क्यों करिश्मा कपूर ने लिया इतना लंबा ब्रेक, एक्ट्रेस ने खुद बताई वजह

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर एक बार फिर पर्दे पर वापसी कर रही हैं। फिल्म मर्डर



मुबारक से एक बार फिर सिल्वर स्क्रीन पर नजर आने वाली है। जो पिछले काफी समय से सुर्खियां बटोर रही है। ऐसे में एक्ट्रेस ने अपने इतने लंबे ब्रेक को लेकर कई खुलासे किए है। इसी बीच उन्होंने ये भी बताया है कि 'कमबैक' जैसा लेबल बिल्कुल भी पसंद नहीं है। करिश्मा कपूर ने ई-टाइम्स से बातचीत में कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो ये मेरी चॉइस थी। मेरे बच्चे छोटे थे.. मैं घर पर रहना चाहती थी। मैंने कम उम्र में काम करना शुरू कर दिया था। मैं स्कूल के बाद काम करने लगी थी और मैंने एक के बाद एक कई फिल्में की हैं। मैंने कई सालों तक एक दिन में चार शिफ्ट और एक दिन में तीन शिफ्ट में काम किया है। ' मेरी हर साल 8 से 10 फिल्में रिलीज होती थी। मैंने बहुत काम किया था और मुझे लगता है कि इससे मैं बहुत थक गई थी और फिर मैंने फिल्मों से ब्रेक ले लिया, क्योंकि मैं 100 दिनों के लंबे आउटडोर शूट शेड्यूल के लिए नहीं जाना चाहती थी। इसके बजाय मैंने एक आसान राह चुनी।आगे एक्ट्रेस ने बताया कि वह उन्हें 'कमबैक' टैग बिल्कुल भी पसंद नहीं है। उन्होंने कहा, 'आप मुझे बताओ कि जब कोई कुछ सालों के बाद ऑफिस वापस आता है, तो क्या वह कॉर्पोरेट जगत में वापसी कर रहा है या नहीं?। मुझे लगता है कि एक्टर्स के साथ भी ऐसा ही होना चाहिए। चाहे वह पुरुष हों या महिला, लेकिन इसे खासकर महिलाओं के लिए इस्तेमाल किया जाता है'।

# नम आंखों से माधुरी दीक्षित ने मां स्नेहलता को दी अंतिम विदाई

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ दिनों से बॉलीवुड में एक के बाद एक बुरी खबर सामने आ रही है। एक तरह



जहां जाने-माने एक्टर सतीश कौशिक का निधन हुआ। तो वहीं आज रविवार की सुबह माधुरी दीक्षित की मां स्नेहलता दीक्षित के निधन की खबर सामने आई। 91 साल की उम्र में उनका निधन हुआ। वहीं शाम होते-होते अंतिम संस्कार हुआ, जिसमे कुछ तमाम हस्ती शामिल हुई। मां की अंतिम यात्रा में माधुरी दीक्षित अपने पति डॉ श्रीराम नेने और छोटे बेटे रयान के साथ नजर आईं। उनकी एक झलक पाने के लिए पैपराजी ने उनकी कार को घेरा। इस दौरान एक्ट्रेस ने हाथ जोड़कर पैपराजी आगे बढ़ गईं। उनका अंतिम संस्कार वर्ली के एक श्मशान घाट में हुआ। एक्ट्रेस के चेहरे पर मां को खो देने का साफ गम नजर आ रहा है। बता दें, स्नेहलता दीक्षित पिछले कुछ समय से बिस्तर पर थीं, वह बीमार चल रही थीं। मां के निधन से एक्ट्रेस को गहरा सदमा पहुंचा है। उनका पूरा परिवार इस समय काफी दुखी है। माधुरी दीक्षित की अंतिम यात्रा में प्रोड्यूसर अमृतपाल सिंह बिंद्रा स्पॉट हुए। इन्होंने ही माधुरी की आखिरी फिल्म 'माजा मां' को प्रोड्यूस्ड किया था। इनके अलावा सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट मिकी कॉन्ट्रैक्टर भी एक्ट्रेस के इस दुख में शामिल हुए। माधुरी दीक्षित के करियर के शुरुआती समय में उनकी मां ने काफी साथ दिया था। फिल्म की शूटिंग से लेकर इवेंट तक, माधुरी की मां हमेशा उनके साथ रहती थीं। एक्ट्रेस उनकी मां के काफी करीब थीं। माधुरी के अनुसार उनकी मां ने ही उन्हें जमीन से जुड़े रहना सिखाया। माधुरी कई मौकों पर अपनी मां के बारे में बात करती नजर आती थी।

# तमन्ना भाटिया ने रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड विजय वर्मा पर तोड़ी चुप्पी, कही ये बात

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** तमन्ना भाटिया ने विजय वर्मा के साथ अपने रिलेशनशिप की चर्चाओं पर अब चुप्पी तोड़ दी

है। तमन्ना इन दिनों विजय वर्मा के साथ रिलेशनशिप को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। न्यू ईयर पार्टी के दौरान दोनों का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा काफी क्लोज नजर आ रहे थे। इसके अलावा इवेंट्स से लेकर एयरपोर्ट तक दोनों को साथ देखा गया है। सोशल मीडिया पर दोनों की पोस्ट को देखकर भी फैंस तमन्ना और विजय के रिलेशनशिप को लेकर कयास लगा रहे हैं। अब तमन्ना ने इसपर अपनी चुप्पी तोड़ दी है। तमन्ना भाटिया ने विजय वर्मा के साथ अपने रिश्तों को लेकर बात की। हिंदुस्तान टाइम्स को दिए इंटरव्यू में उन्होंने बताया, 'हमने साथ में एक फिल्म की है। ऐसी अफवाहें चलती रहती हैं। उन सभी पर सफाई देना जरूरी नहीं है। मेरे पास इस बारे में कहने के लिए और कुछ नहीं है।' तमन्ना ने आगे कहा, 'मुझे नहीं पता ऐसा क्यों होता है, लेकिन हमारी असली शादी से पहले कई बार शादी हो जाती है। हम हर शुक्रवार को सुनते हैं कि अरे तुम्हारी अभी तक शादी नहीं हुई। लोग लगातार हर तरह के लोगों से मेरी शादी करवा रहे हैं, डॉक्टर से लेकर बिजनेसमैन तक से। मुझे लगता है मेरी कई बार पहले ही शादी हो चुकी है। मुझे नहीं पता कि मैं सच में शादी करूंगी तो क्या होगा। क्या लोग और एक्साइटेड होंगे या वो सोचेंगे कि ये अफवाह है।तमन्ना की अपकमिंग फिल्मों की बात करें तो वो जल्द सुपरस्टार चिरंजीवी के साथ फिल्म भोला शंकर में नजर आएंगी। फिल्म को मेहर रमेश डायरेक्ट करेंगे। फिल्म 14 अप्रैल को रिलीज होगी। बता दें कि तमन्ना ने कम उम्र से ही काम करना शुरू कर दिया था। उन्होंने एक्ट्रेस के तौर पर फिल्म चांद सा रौशन चेहरा से अपनी शुरुआत की थी।

# द एलिफेंट व्हिस्परर्स' ने जीता ऑस्कर अवॉर्ड यहां पर देख सकते हैं आप ये फिल्म

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** ऑस्कर अवॉर्ड 2023 का ऑडियंस को बेसब्री से इंतजार था। इस बार ये ऑस्कर भारतीय सिनेमा के लिए काफी खास रहा। इस साल तीन फिल्में ऑस्कर के लिए नॉमिनेट हुई थी। जिसमें शॉर्ट

डॉक्यूमेंट्री 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स', एस एस राजामौली के निर्देशन में बनी फिल्म आरआरआर और ऑल दैट ब्रीथ्स नॉमिनेट हुई थी। जिसमें से 'ऑल दैट ब्रीथ्स' इस रेस से बाहर हो गई, लेकिन गुनीत मोंगा की शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म ने 'ऑस्कर अवॉर्ड्स 2023' में अपनी सफलता का डंका बजाया। भारतीय फिल्म 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म पुरस्कार से नवाजा गया। भारतीयों का सीना गर्व से चौड़ा करने वाली इस फिल्म की कहानी एक दक्षिण भारत में रहने वाले कपल बोमन और बेली की है, जो एक छोटे से अनाथ हाथी को घर लाते हैं और उसका नाम रघु रखते हैं। वह अपने परिवार की तरह ही उस हाथी की देखभाल करते हैं। 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' में इंसान और जानवर के बीच के प्यार और उनकी बॉन्डिंग को बड़ी ही खूबसूरत तरह से इस डॉक्यूमेंट्री में उतारा गया है। अगर आपने अभी तक ये शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म नहीं देखी है, तो आप ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। इस फिल्म का निर्देशन कार्तिकी गोंजाल्विस ने किया है।इंडिया की तरफ से ऑस्कर के लिए गई 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' को शॉर्ट सब्जेक्ट कैटेगरी में बेस्ट डॉक्यूमेंट्री का अवॉर्ड जीतने के लिए सोशल मीडिया पर हर कोई बधाई दे रहा है। एक यूजर ने लिखा, 'बहुत ही खूबसूरती से इस चीज को दर्शाया गया है कि कैसे साउथ इंडिया में रहने वाला एक कपल एक अनाथ हाथी की केयर करता है। कार्तिकी गोंजाल्विस और पूरा क्रू ये जीत डिजर्व करता था'। आपको बता दें कि इंडिया से दीपिका पादुकोण को ऑस्कर 2023 के लिए प्रेजेंटर के तौर पर चुना गया। आरआरआर पर टिकी हुई है सबकी निगाहें शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री 'द एलिफेंट व्हिस्परर्स' के अवॉर्ड जीतने के बाद अब सबकी निगाहें एस एस राजामौली के निर्देशन में बनी फिल्म 'आरआरआर' पर टिकी हुई हैं। अब तक ग्लोबल स्तर पर 'नाटू-नाटू' गाने के लिए कई अवॉर्ड्स जीत चुकी आरआरआर ऑस्कर अवॉर्ड भी अपने नाम कर पाएगी या नहीं, ये जानने के लिए हर कोई बेसब्र है। फिलहाल रेड कार्पेट पर बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड सितारे तक अपनी मौजूदगी से चार चांद लगा रहे हैं।

# हाथ जोड़े कालीघाट पहुंचे अनुपम खेर, दोस्त के लिए मांगी दुआ

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड सुपरस्टार अनुपम खेर इन दिनों सतीश कौशिक के अचानक हुए निधन से स्तब्ध हैं। सतीश कौशिक

अनुपम खेर के खास दोस्तों में से एक थे। इस बीच अनुपम खेर का एक लेटेस्ट वीडियो सामने आया है। जहां वो हाथ जोड़े कोलकाता के कालीघाट मंदिर में दर्शन करने पहुंचे हैं। वीडियो क्लिप में अनुपम खेर सतीश कौशिक के बारे में बात करते हुए भी नजर आ रहे हैं अनुपम खेर इंडस्ट्री के उन कलाकारों में से एक हैं जो सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। रविवार को भी एक्टर ने उनके फैंस के साथ एक वीडियो शेयर किया। जिसमें वो कोलकाता के कालीघाट मंदिर में दर्शन करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो क्लिप को शेयर करते हुए अनुपम खेर ने इसके कैप्शन में लिखा, 'आज कोलकाता के महान कालीघाट मंदिर में मां काली के दर्शन करके मन कृतार्थ हुआ। देश की अखंडता और आप सबके लिए प्रार्थना की। मेरे दोस्त सतीश कौशिक की आत्मा की शांति के लिए भी प्रार्थना की। देश के मंदिरों का इतिहास अद्भुत है! जय माँ काली! अनुपम खेर सतीश कौशिक के काफी करीब थे। सतीश की मौत की खबर भी अनुपम खेर ही सोशल मीडिया पर दी थी। सतीश कौशिक की मौत के बाद से अनुपम काफी दुखी हैं।

# पलक तिवारी को पिता की तरह लगे सलमान खान, एक्ट्रेस ने शेयर किया एक्सपीरियंस

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** पॉपुलर एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी को



उनके करियर की शुरुआत सलमान खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से होने जा रही है। पलक तिवारी सलमान खान के साथ शूटिंग से पहले काफी डरी हुई थीं। पलक ने हाल ही में सलमान खान के साथ अपना शूटिंग एक्सपीरियंस शेयर किया है। पिंकविला की खबर के अनुसार पलक तिवारी ने सलमान खान के साथ शूटिंग का एक्सपीरियंस साझा किया। उन्होंने सलमान खान को पिता की तरह बताया। पलक ने कहा, 'वह बॉलीवुड के पिलर्स में से एक हैं। मुझे लगता था कि उनके साथ एक ही सेट होना मुश्किल होगा और हर समय मुझे घबराहट होगी, लेकिन वो सेट पर एक पिता की तरह रहते हैं। उन्होंने हमारे खाने-पीने का बहुत ख्याल रखा।' पलक तिवारी से जब उनकी मां श्वेता के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'जब मैं शूटिंग कर रही होती थी तो वो मुझे कभी फोन नहीं करती थीं, क्योंकि उन्हें पता था कि मेरा ख्याल रखा जाएगा। सलमान सेट पर लगभग हर जगह मौजूद रहते हैं। वो सब कुछ जानते हैं जो हो रहा है।' सलमान खान की यह मोस्ट अवेटेड फिल्म 24 अप्रैल को रिलीज होगी। इस फिल्म के जरिये पहली बार पूजा हेगड़े सलमान खान के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर करती देखी जाएंगी। सलमान और पूजा के अलावा फिल्म में पलक तिवारी, शहनाज गिल, जगपति बाबू समेत कई लोग नजर आएंगे। 'किसी का भाई किसी की जान' को फरहाद सामजी ने डायरेक्ट किया है। सलमान के फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म के जरिये ईद के मौके पर सलमान फैंस को खास ईदी देने जा रहे हैं।

# कंगना रनोटने लिबरल और जेन जी को बताया आलसी, कहा- ये जॉम्बीज जैसे काम करते हैं

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** कंगना रनोट कोई दिन नहीं छोड़ती लोगों पर तंज कसने का। इस बार भी उन्होंने लिबरल और इंटेलेक्चुअल्स पर निशाना साधा है। उनका कहना है कि इन लोगों को कुछ पढ़ाई लिखाई भी करनी चाहिए लेकिन ये बहुत ही आलसी जेनरेशन है। उन्होंने 10 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए किताबें दिखाने वाली एक महिला के वीडियो को रीट्वीट किया जिसमें कुछ वयस्क सामग्री थी ट्वीट को शेयर करते हुए कंगना ने लिखा, 'जो लोग अभी भी ये लिबरल्स क्या होते हैं समझने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और अब एक और कीड़ा है जिसे वोकिस्म कहा जाता है। मैं आपको बताती हूं कि क्या अंतर है, उदार होने के लिए बुद्धि विकसित करना चाहिए / साहित्य का अध्ययन करना चाहिए, लेकिन ये उन्हें बहुत आलसी हैं। अपने दूसरे ट्वीट में उन्होंने लिखा, 'की सेना को कैसे ज्वाइन किया जाए, तो उन्हें के लिए अलग बटालियन बनाई गई है, इनको वो बना दिया गया है, वे लिबरल्स माइनस लिटरेचर हैं। सोचो उदारवादियों में एक अच्छी बात थी आप उनसे कम से कम बहस कर सकते थे, उनके पास दिमाग की मांसपेशियां थीं, ये जॉम्बीज हैं। सोशल मीडिया यूजर्स ने उनके ट्वीट पर प्रतिक्रिया रिएक्शन दिया। उनमें से एक ने लिखा, 'इन्हें दुश्मनों की जरूरत नहीं है। वह खुद उन्हें, पंजाबी, बंगाली, सभी गैर बीजेपी राज्यों, को अपनी फिल्में देखने से अलग कर देगी। ये सिर्फ सभी समुदाय को जनरलाइज करती है। लोगों ने दिया ये जवाब दूसरे ने कहा, 'गलतियों के खिलाफ आवाज उठाती रहो। यह आपकी ताकत है। तीसरे ने कहा, ऐसा लग रहा है कि यह वीडियो भारत का नहीं है। लेकिन, इस सरकार ने होमो को वैध कर दिया है... और यह स्वीकृत मानदंड है। फिर जो भी जानकारी प्रदान की जाती है वह भारत में कानूनी है। इस सरकार ने इसे पहले स्थान पर क्यों नहीं रोका।

# सिगरेट पीने वाली लड़कियां मुझे अच्छी लगती हैं, जानिए क्यों और किस संदर्भ में सीमा पाहवा ने कही ये बात

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस सीमा पाहवा इन दिनों

अपने एक बयान के चलते सुर्खियों में है। सीमा हिंदी सिनेमा की उन एक्ट्रेसेज में से एक हैं जिन्होंने कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में अहम भूमिका निभाई हैं। आज वह इंडस्ट्री में अपनी अलग जगह बनाने में कामयाब हुई हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू के दौरान अपने बारे में कई दिलचस्प बातें बताईं। एक्ट्रेस से एक इंडटव्यू में पूछा गया है कि क्या धूम्रपान करती हैं। इसपर एक्ट्रेस ने हैरान करने वाला जवाब दिया। एक्ट्रेस ने कहा, ''मैं धूम्रपान नहीं करती, लेकिन ऐसी लड़कियां पसंद हैं। मुझे पता नहीं क्यों लड़कियों के हाथ में सिगरेट बहुत अच्छी लगती है। जब वे धूम्रपान करते हुए बात करती हैं तब वह विजुअल मुझे बहुत अच्छा लगता है। उनकी आवाज भी बेस में चली जाती है। मुझे लड़कियों के हाथ में सिगरेट अच्छी लगती है। इस बीच सीमा ने बताया कि एक समय ऐसा था कि उन्हेंने अपने पर्स में सिगरेट के पैकेट रखने का शौक चढ़ गया था। पता नहीं उन दिनों कौन सी थी, जिसमें लॉन्ग की खुशबू आती थी। उसका मैंने पैकेट रखना शुरू कर दिया था पर्स में ताकि जब मैं पर्स खोलूं तो गिरे और लोगों को लगे कि कोई बात है मुझमें। मैं बांट दिया करती थी लड़कों में जो भी साथ थे मेरे. एक-दो कश लिए, लेकिन कुछ मजा नहीं आया। वर्क फ्रंट की बात करें सीमा पाहवा पिछली बार फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में नजर आई थी। सीमा पहवा को टीवी की दुनिया में पहचान दूरदर्शन के हम लोग से मिली थी। इसके बाद उन्होंने कई टीवी शोज में कई बेहतरीन किरदार निभाए। टीवी शो 'हिप हिप हुरे' में उनकी भूमिका के लिए उन्हें बहुत लोकप्रियता मिली थी। इस शो में उन्होंने मजहर की एक मां की भूमिका निभाई। टीवी की दुनिया के अलावा सीमा कई बेहतरीन फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं, जिनमे बरेली की बर्फी, शुभ मंगल सावधान, दम लगा के हईशा, आल इज वेल आदी शामिल है। एक्ट्रेस को 63 वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में बरेली की बर्फी और शुभ मंगल सावधान की फिल्मों के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड के लिए दो बार नामित किया गया।

# स्वरा भास्कर की हल्दी सेरेमनी की पहली तस्वीर आई सामने देखें कैसे होली में बदला समारोह

**(आधुनिक मसाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** स्वरा भास्कर और फहाद अहमद की रविवार को हल्दी सेरेमनी हुई। दोनों ने रजिस्टर्ड मैरिज की थी जिसका ऐलान कपल ने फरवरी में किया। अब ये कपल रीति रिवाज से शादी करने जा रहा

है। जिसकी तैयारी कपल ने काफी धूम-धाम से की है। स्वरा ने रविवार को अपनी मेहंदी सेरेमनी की पिक्चर्स और वीडियो फैंस के साथ शेयर किया है। जिसमें कपल का हल्दी फंक्शन होली सेलिब्रेशन की तरह दिखाई दे रहा है। हल्दी सेरेमनी के लिए वेन्यू को सफेद और पीले फूलों से सजाया गया था। स्वरा भास्कर ने पति फहाद के साथ इंस्टाग्राम पर अपनी हल्दी सेरेमनी की पिक्चर्स शेयर की, जिसमें दोनों हल्दी के साथ अलग-अलग रंगों में रंगे नजर आ रहे हैं। इन दौरान स्वरा ने व्हाइट कुर्ते के साथ जयपुरी दुपट्टा पेयर किया है। इसके साथ स्वरा ने मांगटीका भी पहना है। वहीं फहाद सफेद कुर्ते में दिखाई दे रहे हैं। स्वरा ने फहाद के साथ अपनी हल्दी सेरेमनी की 3 पिक्चर शेयर की हैं। तीनों पिक्चर्स में स्वरा फहाद के साथ अलग-अलग पोज देती नजर आ रही हैं। इन पिक्चर्स को शेयर करते हुए स्वरा ने कैप्शन में लिखा, 'जिंदगी के सभी रंगों को सेलिब्रेट करने के लिए एक साथ हैं स्वरा ने एक अलग पोस्ट में फहाद के साथ हल्दी सेरेमनी का वीडियो भी शेयर किया है। जिसमें उनका हल्दी फंक्शन होली सेलिब्रेशन में तब्दील होता दिखाई दे रहा है। स्वरा ने इस वीडियो को फैंस के साथ शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'हल्दी सेरेमनी होली में बदली! त्योहार वालों का स्वागत है। शुरू हो गया है! स्वरा ने इससे पहले भी एक पोस्ट शेयर किया था। जिसमें वो शादी की तैयारियां करते नजर आ रही थीं। हल्दी, मेहंदी और संगीत फंक्शन के बाद दोनों शादी के बंधन में बंधेंगे। कपल 16 मार्च को शादी का रिसेप्शन देगा।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक
डा0 दीपक अरोरा द्वारा
रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए
बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज
(उ.प्र.) 211002 से मुद्रित
एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी
औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज।
(उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।